mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-255 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
14 सितंबर 2024 शनिवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित

इशान किशन की...
@ पेज 7

संक्षिप्त समाचार

यूपी के बाद अब झारखंड पहुंचा भेड़िए का आतंक!

- राजधानी रांची में दो लोगों को बनाया अपना शिकार

रांची (एजेंसी)। झारखंड में हाथी और भालू के हमले के मामले कई बार सामने आए है, लेकिन इस बार राज्य की राजधानी रांची के ग्रामीण इलाकों में जिस जानवर के हमले की बात सामने आई है, वह डरने वाली है। दरअसल राजधानी रांची के ग्रामीण इलाके में भेड़िए ने दो लोगों को अपना शिकार बनाते हुए हमला कर दिया। इस हमले में दोनों लोग बुरी तरह इससे दोनों घायल हो गए है। घायलों में 55 वर्षीय बिंजा निवासी बैजा भुइंया और 50 वर्षीय बहुरा गंझू शामिल है। जानकारी के अनुसार, जंगल की ओर बकरी चराने गए दोनों ग्रामीण पर भेड़िए ने हमला किया था। दोनों सूखी लकड़ियां चुन रहे थे। इसी दौरान पहले भेड़िए ने बकरी पर हमला किया। दोनों ग्रामीण देखने गए, तभी भेड़िए ने दोनों ग्रामीण पर भी हमला कर दिया। भेड़िए की एंट्री से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। बुडमु थाना प्रभारी रितेश कुमार ने बताया कि भेड़िए के हमले की सूचना वन विभाग को दी गई है। इसके बाद वन विभाग के पदाधिकारी जंगल पर निगरानी रख रहे हैं।

आईएसआई के इशारे पर चंडीगढ़ में ग्रेनेड अटैक

- आतंकी रिंदा है मास्टरमाइंड, एक आरोपी हुआ गिरफ्तार

चंडीगढ़ (एजेंसी)। चंडीगढ़ के सेक्टर 10 स्थित घर पर 11 सितंबर को ग्रेनेड अटैक पाकिस्तान की इंटर सर्विस इंटेलीजेंस (आईएसआई) के इशारे पर करवाया गया था। इसका मास्टरमाइंड पाकिस्तान में बैठा आतंकी हरविंदर रिंदा है। उसने यूएस में बैठे हैप्पी पासिया के जरिए इसे अंजाम दिलाया। ये खुलासा पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने हमला करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी रोहन मसीह अमृतसर के गांव पासिया का रहने वाला है। उसके कब्जे से 9 एमएम पिस्टल और गोला-बारूद बरामद हुआ है। आरोपी अमृतसर के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल की हिरासत में है। शुरुआती जांच में रोहन ने ग्रेनेड हमले की बात कबूल ली है। इसी मामले में लुधियाना के खन्ना से भी कुछ संदिग्ध लोग हिरासत में लिए गए हैं। पुलिस जांच में पता चला कि घर पर ग्रेनेड हमले के बाद जब आरोपी ऑटो से सेक्टर-18 पहुंचे तो वहां रेड लाइट थी। तब उन्होंने ऑटो चालक से रेड लाइट जंप कर तेजी से चलने को कहा। ऑटो चालक ने रेड लाइट जंप करने से साफ इनकार कर दिया।

बारिश से एमपी-यूपी में 24 घंटे में 34 की मौत

- हिमाचल में सीजन की पहली बर्फबारी, लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे बंद

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के 17 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट है। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में 34 लोगों की मौत हुई है। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में गुरुवार को सीजन की पहली बर्फबारी हुई। इससे तापमान अचानक गिर गया। किन्नौर, शिमला सहित कई इलाकों में आज सुबह से बारिश हो रही है। आईएमडी ने उत्तराखंड में शुक्रवार को रेड अलर्ट जारी किया है। चमोली में लगातार बारिश के कारण लैंडस्लाइड हुई। इससे बद्रीनाथ नेशनल हाईवे बंद हो गया है। राजस्थान में पिछले दो दिन से तेज बारिश के कारण कई जिलों में पानी भर गया है। भरतपुर में स्कूलों में 4 दिन की छुट्टी कर दी गई है। धौलपुर में भी अगले आदेश तक स्कूल बंद हैं।

'स्विच ऑन' तो झमाझम बारिश, ऑफ तो बूंदें वापस!

देश जल्द देखेगा ऐसा 'चमत्कार', मौसम जीपीटी की भी तैयारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। स्वतंत्रता दिवस समारोह या कोई और आयोजन के वक्त बारिश नहीं हो, यह अब अपने हाथ में होगा। जब बारिश की जरूरत हो तो बूंदें बरसने लगें, इस पर भी अपना नियंत्रण होगा। इसी तरह, बाढ़ के दौरान शहरों में बारिश या ओलावृष्टि को रोका जा सकता है।

देश के मौसम वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि अगले पांच सालों में उनके पास इतनी विशेषज्ञता होगी कि वे न केवल बारिश को बढ़ा सकेंगे, बल्कि कुछ इलाकों में ओलों और बिजली के साथ-साथ बारिश को भी रोक सकेंगे। इस मिशन का उद्देश्य भारत को क्लाइमेट स्मार्ट और वेदर रेडी बनाना है ताकि बादल फटने सहित किसी भी मौसम की घटना को अनदेखा न किया जा सके। इसके साथ ही चैटजीपीटी के आधार पर मौसमजीपीटी भी बनाया जाएगा जो यूजर्स को मौसम की जानकारी अलग-अलग फॉर्मेट में झटपट उपलब्ध कराएगी। दरअसल, देश अब क्लाइमेट चेंज की वजह से बारिश के पैटर्न में होने वाले बदलावों से निपटने के लिए तैयार हो रहा है। मिशन मौसम से 2026 तक तैयारियां पूरी हो जाएंगी। इसके बाद इसका दूसरा चरण शुरू होगा। नरेंद्र मोदी सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने इस मिशन का जिम्मा लिया है। पहले चरण में क्लाउड चैंबर बनाकर बादलों पर कई तरह के शोध होंगे। इसमें बादलों से होने वाली बारिश को कम करवाने की तैयारी के साथ ज्यादा बारिश वाले बादलों को ऐसे एरिया की तरफ भेजने की कोशिश होगी जहां सूखे या कम बारिश की स्थिति है।

- बारिश में हो रहे बदलावों से निपटने के लिए 'मिशन मौसम' शुरू

इतना ही नहीं पूर्वानुमान को बेहतर करने के लिए देश में 2026 तक रेडार की संख्या 100 तक कर दी जाएगी। मंत्रालय के सेक्रेटरी डॉ. एम रविचंद्रन ने बताया कि आईआईटीएम पुणे में इसके तहत एक क्लाउड चैंबर बनाया जाएगा। यहां बादलों पर रिसर्च होगी। इसमें बादलों पर कई तरह के प्रयोग किए जाएंगे। अधिकारी के अनुसार, बादल का बेस आमतौर पर धरती की सतह से एक से डेढ़ किलोमीटर दूर तक होगा।

बादलों को शिफ्ट करने पर होगा शोध

अधिकारी ने बताया कि देश में अभी मॉनसूनी सीजन और पूरे साल में सामान्य बारिश ही हो रही है, लेकिन उसके पैटर्न में बदलाव आया है। इसी पैटर्न को समझने और इससे निपटने की तैयारी है। इसके दूसरे चरण में बादलों से बिजली की समस्या से निपटने की तैयारी भी होगी।

इसमें बादलों से जमीन में गिरने वाली बिजली को बादल से बादल पर शिफ्ट करने पर शोध होंगे। अभी बिजली गिरने की वजह से देश में काफी नुकसान हो रहा है। इससे धुंध की समस्या से निपटने पर भी दूसरे चरण में रिसर्च होगी।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव माधवन राजीवन ने बताया कि यह एक जटिल प्रक्रिया है। उन्होंने कहा, क्लाउड सीडिंग और क्लाउड मॉडिफिकेशन एक जटिल प्रक्रिया है। हमने बारिश बढ़ाने के लिए क्लाउड सीडिंग के साथ बहुत सारे प्रयोग किए हैं, लेकिन सीमित सफलता मिली है। लेकिन क्लाउड सप्रेशन पर बहुत कुछ नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि हालांकि भारत में मौसम संशोधन की गुंजाइश है, लेकिन इसका विज्ञान अच्छी तरह से समझा नहीं गया है और तकनीक जटिल है।

मंडी की अवैध मस्जिद पर चलेगा नगर निगम का हथौड़ा

2 मंजिल तोड़ने का आदेश, 30 दिन का समय दिया, हिंदू संगठनों का प्रदर्शन

मंडी (एजेंसी)। हिमाचल के मंडी शहर में मस्जिद की दो अवैध मंजिलें 30 दिन में गिरानी होंगी। नगर निगम आयुक्त एचएस राणा की कोर्ट ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया। तीस साल पुरानी 3 मंजिला यह मस्जिद शहर के जेल रोड पर है। आरोप है कि इसकी 2 मंजिल अवैध रूप से बनाई गई थीं। अब इन्हें तोड़ा जाएगा। वहीं नगर निगम आयुक्त कोर्ट में जिस वक्त मस्जिद में अवैध निर्माण मामले में सुनवाई चल रही थी तब हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया। पुलिस ने मस्जिद के आसपास बैरिकेडिंग कर दी थी। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। पुलिस और प्रदर्शनकारियों में धक्का-मुक्की हुई। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। उधर, शिमला की पांच मंजिला संजौली मस्जिद को लेकर भी विवाद बना हुआ है। आरोप है कि मस्जिद की 3 मंजिल अवैध हैं। इसके खिलाफ यहां भी स्थानीय लोग पिछले 15 दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं। मंडी के डीसी अपूर्व देवगन ने कहा कि जेल रोड पर बनी मस्जिद मामले में एनएन आयुक्त कोर्ट का फैसला आया है। मुस्लिम पक्ष 30 दिनों के अंदर अपील कर सकेगा। बाहरी राज्यों से आने वाले विशेष समुदाय के लोगों पर भी निगरानी रखी जा रही है।

ज्ञानवापी तहखाने की छत पर होती रहेगी नमाज

वाराणसी कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला, मरमत पर भी अदालत ने लगाई रोक

वाराणसी (एजेंसी)। वाराणसी कोर्ट ने शुक्रवार को ज्ञानवापी के व्यास तहखाने की छत पर नमाजियों की एंट्री पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने तहखाने की मरम्मत कराने का आदेश देने से भी इनकार कर दिया। हालांकि, व्यास तहखाने में चल रही पूजा जारी रहेगी। हिंदू पक्ष की याचिका पर सिविल जज सीनियर डिवीजन हितेश अग्रवाल ने यह आदेश दिया। हिंदू पक्ष ने याचिका में मांग की थी कि व्यास तहखाने की छत पर नमाजियों की एंट्री रोकी जाए। अब हिंदू पक्ष मरम्मत की मांग को लेकर जिला कोर्ट में अपील करेगा। अभी व्यास तहखाने की छत पर नमाज पढ़ी जाती है और नीचे तहखाने में पूजा होती है। 16 दिसम्बर 2023 को हिंदू पक्ष की ओर से यह याचिका नंदीजी महाराज विराजमान की ओर से लखनऊ जन उद्घोष सेवा संस्था की सदस्य कानपुर की आकांक्षा तिवारी, लखनऊ के दीपक प्रकाश शुक्ला, अमित कुमार और सुविद प्रवीण ने दाखिल की थी। हिंदू पक्ष ने याचिका में मांग की थी कि व्यास तहखाना बहुत पुराना है। छत कमजोर है और इससे पानी टपकता है।

आरोपी को गोली मार दो या तो अब मुझे ही मार दो

महू में सेना अधिकारियों और महिला मित्र पर हमले के बाद सदमे में गैंगरेप पीड़िता

भोपाल (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के महू में सैर पर निकले सेना के दो अधिकारियों पर हमला करने और उनकी महिला मित्रों में से एक के साथ कथित तौर पर गैंगरेप के बाद से पीड़िता सदमे में है। अब इस मामले में कई नई जानकारियां सामने आई है। हमला करने वाले लोग अक्सर बाइक से इलाके में घूमते थे। वह ऐसे लोगों की तलाश में रहते थे जिन्हें वह अपना शिकार बना सकें। आरोपियों ने पीड़िता से 10 लाख रुपये की भी मांग की थी। ना देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक मामले की जांच कर रहे अधिकार ने बताया कि इस केस को लेकर उनके सामने भी दुविधा की स्थिति है। कथित रूप से बलात्कार की शिकार पीड़िता ने अपना बयान दर्ज कराने से इनकार कर दिया है। इस मामले में सेना के अधिकारी की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई थी। सेना के अधिकारी ने अपनी शिकायत में कहा कि आरोपियों ने महिला के साथ दुर्व्यवहार किया और संदेह है कि उसके साथ कुछ गलत हुआ है। मामले की जांच कर रहे अधिकारी ने कहा कि पीड़िता लगातार एक ही बात रह रही है कि आरोपी को गोली मार दो या मुझे मार दो।

सुरक्षा परिषद में भारत को मिला अमरीका का साथ

- भारत, जापान और जर्मनी को मिले यूएनसी की स्थायी सदस्यता, अमेरिका ने खुलकर किया समर्थन

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की भारत की ओर से लगातार की जा रही मांग पर अब अमेरिका का बयान आया है। अमेरिका ने सुरक्षा परिषद में सुधार के संबंध में नए प्रस्ताव पेश किए और भारत, जापान तथा जर्मनी को सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता देने के 'दीर्घकालीन समर्थन' को दोहराया। ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन और संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च-स्तरीय कार्यक्रमों के लिए वैश्विक नेताओं के न्यूयॉर्क में इकट्ठा होने से कुछ ही दिन पहले, संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका अफ्रीकी देशों को सुरक्षा परिषद में अस्थायी सदस्यता देने के का समर्थन करता है।

ऑफिस जाने और सार्वजनिक बयानबाजी पर रोक, 10 लाख का बॉन्ड

दिल्ली शराब नीति केस में कई शर्तों के साथ केजरीवाल को मिली जमानत

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई केस में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार को जमानत मिल गई। केजरीवाल 177 दिन बाद जेल से बाहर आए। अदालत ने जमानत के लिए वही शर्तें लगाई हैं, जो ईडी केस में बेल देते वक्त लगाई गई थीं। केजरीवाल के खिलाफ 2 जांच एजेंसी ने केस दर्ज किया है। ईडी मामले में उन्हें सुप्रीम कोर्ट से 12 जुलाई को जमानत मिली थी। एएपी ने इस फैसले को सत्य की जीत बताया है। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत देने के साथ ही कई शर्तें भी लगाई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के साथ ही कई शर्तों भी लगाई हैं। इस दौरान अरविंद केजरीवाल सीएम दफ्तर नहीं जा सकेंगे। इस दौरान उनके किसी भी फाइल पर साइन करने पर भी रोक लगाई गई है। इसके अलावा अरविंद केजरीवाल को बॉन्ड के लिए 10 लाख का बॉन्ड भी भरने को कहा गया है। सीएम केजरीवाल इस दौरान मुकदमे को लेकर कोई सार्वजनिक बयान भी नहीं दे सकेंगे। इस दौरान वह किसी भी तरह से गवाहों से बातचीत या उन्हें प्रभावित नहीं कर सकेंगे। इस दौरान वह किसी भी तरह से गवाहों से बातचीत या उन्हें प्रभावित नहीं कर सकेंगे। अरविंद केजरीवाल की जमानत पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्ज्वल भुइंया की बेंच ने सुनवाई की। इस दौरान दोनों की राय अलग दिखाई दी।

पीएम मोदी के बर्थडे पर अजमेर शरीफ लगाएगा लंगर

अजमेर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन पर अजमेर शरीफ दरगाह लंगर लगाने जा रहा है। 17 सितंबर को दरगाह प्रबंधन की ओर से 4000 किलो शाकाहारी खाना परोसा जाएगा।

अजमेर शरीफ गद्दी नशीं सैयद अफशान चिश्ती के मुताबिक लंगर में भोजन चावल, शुद्ध घी, ड्राई फ्रूट आदि से बना होगा। यह खाना आस्थावानों और गरीबों में बांटा जाएगा। दरगाह अधिकारियों के मुताबिक, यह कार्यक्रम सेवा पखवाड़े का हिस्सा है।

लंगर मशहूर बड़े शाही डेग में तैयार किया जाएगा, जो हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती से जुड़ी 550 साल पुरानी परंपरा का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलामती के लिए विशेष दुआ का भी आयोजन किया जाएगा। एजेंसी से बात करते हुए चिश्ती ने कहा, पीएम मोदी के जन्मदिन पर देश में धार्मिक स्थलों पर सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर हम 4000 किलोग्राम शाकाहारी खाना तैयार करेंगे, जिसमें चावल, शुद्ध घी, और ड्राई फ्रूट होगा और इसे बांटा जाएगा। गरीब लोगों को भी खाना खिलाया जाएगा। भारतीय अल्पसंख्यक फाउंडेशन और चिश्ती फाउंडेशन लंगर का आयोजन करेगा।

- खाने के साथ खास दुआ भी होगी, शुरू हो गई तैयारी

सभी मेहमानों और श्रद्धालुओं को इसमें शामिल होने की इजाजत होगी। रस्म की शुरुआत रात 10.30 बजे होगी। कुरान की आयतें पढ़ी जाएंगी और कव्वाली गायन का भी आयोजन होगा।

मुख्यमंत्री ने मऊगंज जिले के अपर कलेक्टर को निलंबित करने के आदेश दिए

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत रिश्वत लेने के मामले में मऊगंज जिले के अपर कलेक्टर अशोक कुमार ओहरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण में लोकायुक्त द्वारा कार्यवाही की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नागरिक हितों से खिलवाड़ करने वाले किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को ऐसे कृत्य के लिए क्षमा नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार नागरिकों को बेहतर, त्वरित और पारदर्शी तरीके से सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्व में भी शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी जा चुकी है कि वे जमीन नामंतरण, बंटवारा आदि मामलों के निराकरण में गंभीरता बरतें। आमजन के हितों के साथ खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं होगा।

केन्द्रीय मंत्री श्री खट्टर नगर पालिका झाबुआ के सफाई मित्रों से करेंगे संवाद

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। देश में 17 सितंबर से स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रव्यापी अभियान प्रारंभ हो रहा है। इसके अंतर्गत 13 सितंबर को शाम 4ः30 बजे केन्द्र सरकार द्वारा इस आयोजन के शुभारंभ की औपचारिक घोषणा की जायेगी। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खटटर, केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू के साथ देश के राज्यों के मंत्रीगण शामिल होंगे। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री देश में स्वच्छता के क्षेत्र में प्रमुख कार्य करने वाले नगरीय निकायों के सफाई मित्रों, संगठनों और संस्थाओं से चर्चा करेंगे। केन्द्रीय मंत्री इस मौके पर प्रदेश के झाबुआ शहर के सफाई मित्र एवं स्वच्छता टीम से ऑनलाइन संवाद करेंगे। उल्लेखनीय है कि 25 अगस्त को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में झाबुआ शहर में वेस्ट-टू-वेल्थ अवधारणा पर आधारित प्लास्टिक अपशिष्ट एवं अनुपयोगी सामग्री से तैयार किए गए 3-आर पार्क की सराहना की थी। नगर पालिका झाबुआ द्वारा अपने शहर में 3-आर पार्क विकसित किया गया है। इसमें 9000 प्लास्टिक बॉटल और 43 टायरों सहित लगभग 2240 किलोग्राम प्लास्टिक से विभिन्न कलाकृतियाँ जैसे हेलीकॉप्टर, कार, भवन, बैंच, सोफा एवं दीवार आदि निर्मित किए गए हैं।

कौशल विकास और रोजगार मंत्री श्री टेटवाल ने नागदा में वीर तेजा दशमी पर दो दिवसीय मेले का शुभारंभ किया

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं उज्जैन के श्री गौतम टेटवाल ने गुरुवार को नागदा के पाडल्या कलां में वीर तेजा दशमी के अवसर पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय मेले का शुभारंभ किया। मंत्री श्री टेटवाल ने सर्वप्रथम वीर तेजाजी महाराज के मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कन्या पूजन किया तथा मेले का शुभारंभ किया। मंत्री श्री टेटवाल ने इस अवसर पर कहा कि उज्जैन के आसपास के सभी शहरों का विकास भी सिंहस्थ 2028 पर्व के मद्देनजर किया जाएगा। मंत्री श्री टेटवाल ने सभी को अपनी ओर से तेजा दशमी पर्व की शुभकामनाएं दी।

गौसेवा ही परम सेवा है - कौशल विकास और रोजगार मंत्री श्री टेटवाल

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल गुरुवार को नागदा खाचरोद में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। प्रभारी मंत्री बनने के पश्चात श्री टेटवाल के प्रथम बार नागदा खाचरोद आगमन पर जगह-जगह जनता द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। प्रभारी मंत्री श्री टेटवाल खाचरोद के ग्राम लेकोड़िया में स्थित श्री नंदराज गौधाम गौशाला में पौधरोपण किया। मंत्री श्री टेटवाल ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सर्वप्रथम भगवान राधा कृष्ण मंदिर में दर्शन किए। इसके पश्चात गौ माता का पूजन किया। मंत्री श्री टेटवाल ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में वृक्ष त्रिवेणी-पीपल, बरगद और नीम के पौधों का रोपण किया।मंत्री के साथ उपस्थित जनसमूह ने दो हजार पौधों का रोपण किया। प्रभारी मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि गौशाला एक अत्यंत पवित्र स्थान होता है।

हमारी संस्कृति में गौ सेवा ही परम सेवा है। सभी लोग समय निकालकर गौशाला आएं और गौ माता की सेवा अवश्य करें। उन्होंने कहा कि नागदा शहर का प्राचीन इतिहास रहा है।

यहां महाराज परीक्षित को ज्ञान प्राप्त हुआ था। नागदा के सर्वांगीण विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

जलभराव से निपटने में प्रशासन मुस्तैद रहे-ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। ग्वालियर जिले और आसपास के इलाकों में अति वर्षा से उत्पन्न हुई जलभराव की स्थिति पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर पूरी तरह नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव अति वर्षा से उत्पन्न हुए हालातों पर स्वयं नजर रख रहे हैं। मंत्री श्री तोमर ने बुधवार की रात्रि जिला कलेक्टर, आयुक्त नगर निगम और पुलिस अधीक्षक से चर्चा की थी। मंत्री श्री तोमर के निर्देशन में जलभराव वाले इलाकों में पानी निकासी के तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। जलभराव वाले इलाकों से बारिश के पानी की निकासी की व्यवस्था जारी है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर स्वयं निरंतर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों के एक दल की तैनाती की है और जलभराव वाले इलाकों की पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। ऊर्जा मंत्री ने फोन पर संभागीय आयुक्त, कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से चर्चा कर आज की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जो पुराने और जीर्ण-शीर्ण भवन निर्मित हैं, उन्हें पहले खाली कराएं तथा इन भवनों में रहने वाले परिवारों के रहने खाने के पर्याप्त बन्दोवस्त करें। ऊर्जा मंत्री ने ग्वालियर में निरंतर हो रही वर्षा को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्वालियर के आनंद नगर, शील नगर, सदाशिव नगर की स्थिति पर नजर बनाए रखें तथा बचाव दल लगातार काम करते रहें। नगर निगम और प्रशासन के अधिकारी इस पर नज़र रखें। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि वे राहत व बचाव कार्यों में सरकार से हर संभव मदद दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने ग्वालियर जिले की डबरा तहसील के ग्राम सेंकरा व खेड़ारायमल में जलभराव में घिरे लोगों को एनडीआरएफ की टीम और जिला प्रशासन एवं जनपद पंचायत की संयुक्त टीमों द्वारा सूझबूझ के साथ सुरक्षित रूप से निकालने की सराहना की। साथ ही विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन की टीमें इसी तरह लोगों की मदद करती रहेंगीं।

ग्राम सेंकरा व खेड़ीरायमल में पानी के बीच फंसे लगभग 125 लोगों को सुरक्षित निकाला

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। ग्वालियर जिले की डबरा तहसील के ग्राम सेंकरा व खेड़ीरायमल में पानी के बीच फंसे लगभग 125 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जिले के विभिन्न ग्रामों से कुल मिलाकर अब तक लगभग 525 लोगों को जिला प्रशासन व जनपद पंचायतों की टीमों द्वारा एसडीआरएफ के सहयोग से सुरक्षित निकाला गया है।

इन सभी लोगों को अस्थायी राहत शिविरों में आश्रय दिलाया गया है। जिला प्रशासन द्वारा राहत शिविरों में खाद्य पदार्थों व दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। अतिवृष्टि से प्रभावित जिले के ग्रामों में संयुक्त टीमें लगातार भ्रमण कर लोगों की मदद कर रही हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बताया कि डबरा तहसील के ग्राम सेंकरा में चारों ओर से हुए जल भराव में फंसे लोगों को निकालने के लिये राज्य शासन के माध्यम से हैदराबाद से एनडीआरएफ का दल विशेष विमान से ग्वालियर रवाना हुआ था। साथ ही हैलीकॉप्टर भी बुलाए गए थे। लेकिन स्थानीय स्तर पर ही जिला प्रशासन व जनपद पंचायत के संयुक्त दलों ने कड़ी मेहनत व सूझबूझ के साथ एसडीआरएफ के सहयोग से ग्राम सेंकरा व खेड़ीरायमल में पानी के बीच फंसे सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। इसलिए हैदराबाद से आ रहे दल के सहयोग की जरूरत नहीं पड़ी। जिले में अतिवृष्टि से निर्मित हुई जल भराव की स्थिति से प्रभावित गाँवों व शहरी क्षेत्र में सेना की भी मदद ली जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा पत्र के जरिए सहायता मांगे जाने पर थल सेना भी बचाव कार्य में मदद कर रही है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने बताया कि आर्मी कैन्ट मुरार की दो बड़ी टीमें बचाव कार्य में सहयोग के लिये आ गई हैं। एक टीम मुरार क्षेत्र में और दूसरी टीम डबरा क्षेत्र में राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग करने में जुटी हैं। एनडीआरएफ की टीमें भी ग्वालियर जिले में बचाव कार्य में सहयोग के लिये पहुँच चुकी हैं। क्षेत्रीय ग्राम पंचायतों के सहयोग से राहत शिविरों में भोजन के पैकेट भी वितरित करवाए। उन्होंने अपनी मौजूदगी में ग्राम लिधौरा और मिलघन में लोगों को संयुक्त टीमों के सहयोग से सुरिक्षत रूप से बाहर निकलवाया।

आपदा के समय उपभोक्ताओं की मदद में खड़े रहें विद्युत अधिकारी-ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। प्रदेश में अति वर्षा के चलते उत्पन्न हुई स्थिति से निपटने के लिए ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सभी विद्युत वितरण कम्पनियों के अधिकारियों को निर्देशित किया है। गुरुवार को वर्चुअली आयोजित बैठक में ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में अति वर्षा के कारण कई जिलों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इससे निपटने और निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुलभ बनाने के लिए सभी विद्युत वितरण कम्पनियों के आला अधिकारी निगरानी रखें। ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वह क्षेत्र में जाकर उपभोक्ताओं को जागरूक बनाएं कि बरसात में पूरी सावधानी बरतें। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि बरसात के मौसम में विद्युत सुरक्षा के प्रति सावधानियां बरतें। उन्होंने कहा कि बारिश के समय बिजली के खंभों को नहीं छुए, बिजली के खंभों से अपने मवेशियों को ना बांधे, बिजली लाइनों के नीचे कोई भी कार्यक्रम आयोजित ना करे, नए भवनों का निर्माण बिजली लाइनों से उचित दूरी पर ही करायें, खेत की मेड पर/खेत में यदि बिजली खंभा लगा है तो उचित दूरी रख कर ही जुताई करें, बिजली खंभे पर यदि स्पार्किंग हो रही हैं तो तुरंत संबंधित फीडर इंचार्ज, अवर अभियन्ता, सब स्टेशन पर सूचना दें। यदि बारिश में खंभे पर स्पार्क हो रही है और आस-पास पानी भरा हुआ है, तो उस रास्ते से या पानी में जाने से बचे व दूसरों को भी सावधान करें। यदि बिजली के तार किसी पेड़ के निकट से गुजर रहे हों तो किसी भी स्थिति में उस पर चढ़ने से बचे, ट्रांसफार्मर, लाइनो पर बम्बू से या किसी और चीज से कुंडी नहीं डाले, हेवी लाइनों पर रिसाव होने से व ग्राउंड होने से बड़ा हादसा हो सकता है। किसी भी बड़े वाहन की छत पर यात्रा न करें। यदि बारिश की वजह से कोई लाइन ढीली पड़ गई हो या सडक के ऊपर से नीची हो तो तुरंत अपने फीडर इंचार्ज, अवर अभियन्ता या फिर सब स्टेशन पर सूचना दे ताकि समय पर सुधार हों सके। बिजली खंभों की चार दिवारी या बाउंड्रीवाल में अतिक्रमण ना करें।

रोजगारपरक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता-उच्च शिक्षा मंत्री परमार

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। उच्च शिक्षा तकनिकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा है कि विद्यार्थियों को रोजगारपरक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता है इसके लिए उद्योग जगत की आवश्यकता अनुरूप पाठ्यक्रम निर्माण की आवश्यकता है, ताकि विद्यार्थियों को रोजगार के व्यापक अवसर प्राप्त हो सकें। विद्यार्थियों को नौकरी के अलावा स्वरोजगार प्राप्त करने की योग्यता भी मिल सके, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। मंत्री श्री परमार गुरुवार को भोपाल स्थित मप्र निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के सभागार में अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण 2023-24 के संदर्भ में एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री परमार ने कहा कि प्रदेश के शैक्षणिक एवं अकादमिक परिवेश को उत्कृष्ट बनाने में निजी विश्वविद्यालयों की सहभागिता आवश्यक एवं महत्वपूर्ण हैं। अखिल भारतीय उच्च शिक्षा वार्षिक सर्वेक्षण में सकल नामांकन अनुपात में उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए सभी विश्वविद्यालयों की सहभागिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। मंत्री श्री परमार ने 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थियों द्वारा उच्च शिक्षा में प्रवेश न लेने की प्रवृत्ति पर चिंता जताई।

श्री परमार ने कहा कि उच्च शिक्षा में नामांकन अनुपात बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। जनजातीय और छात्राओं के नामांकन अनुपात में कमी के समाधान के लिए नियोजित ढंग से कार्य किया जाना चाहिए। मंत्री श्री परमार ने कहा कि सभी निजी विश्वविद्यालयों को विद्यार्थियों को भारतीय परंपरागत शिक्षा और समाज आधारित शिक्षा प्रदान करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि विश्वविद्यालयों की भागीदारी समाज आधारित शिक्षा में हो, ताकि विद्यार्थियों का समग्र विकास हो सके। श्री परमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परम्परा समावेशी शिक्षा के लिए सभी विश्वविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ की स्थापना करने को कहा।

अतिवृष्टि से प्रभावित जिलों में 141 नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में अतिवृष्टि के चलते आपदा ग्रस्त लोगों का बचाव कार्य पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से किया जा रहा है। स्टेट डिजास्टर कमांड सेंटर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रदेश में 19 स्थानों पर बचाव कार्य जारी है। साथ ही 19 स्थानों पर बचाव/सर्चिंग कार्य पूर्ण कर लिया गया है। गुरूवार को रेस्क्यू - सर्चिंग अभियान में 141 लोगों की प्राणरक्षा में सफलता प्राप्त हुई है। सिवनी और झाबुआ में राहत शिविर में 58 प्रभावितों को आश्रय दिया गया है। एसडीईआरएफ द्वारा आज छतरपुर जिले के ग्राम चपरन में धसान नदी के टापू पर फंसे 20 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। भिंड जिले के गांव नवली में वैसली नदी के टापू पर फंसे 3 लोगों को टीम द्वारा ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित निकाला गया। दतिया जिले के गांव कोटरा में 29 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। पन्ना जिले के थाना सिमरिया अंतर्गत मंदिर में फंसे एक व्यक्ति को सकुशल निकाला गया। टीकमगढ़ जिले के गऊघाट, धाशन नदी में फंसे दो लोगों को एनडीआरएफ की टीम के साथ मिलकर सुरक्षित निकाला गया। दतिया में पुरानी दीवार गिरने से हुए हादसे में 2 लोगों को सुरक्षित तथा 7 मृतकों को निकाला गया, दतिया जिले के ही ग्राम गढ़ी में जलभराव से 2 महिलाओं तथा 3 बच्चों को सुरक्षित निकाला गया। जिला नरसिंहपुर के थाना गोटेगांव के झांसी घाट नर्मदा नदी के पास मंदिर में फंसे 4 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। ग्वालियर जिले के थाना डबरा शिक्षक कालोनी/हनुमान कॉलोनी से टीम द्वारा 60 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल में दीक्षांत समारोह-130 छात्रों ने ली चरक शपथ

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल में आज दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें 130 छात्रों को मेडिकल डिग्रियाँ प्रदान की गईं। इस गौरवपूर्ण अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.डी.पी.लोकेवानी, पूर्व कुलपति, मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय और विशिष्ट अतिथि श्री ध्रुव शुक्ल, भारत के राष्टपति द्वारा सम्मानित कथा पुरस्कार विजेता, उपस्थित थे। दोनों ने छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। समारोह की शुरुआत महाविद्यालय की डीन, डॉ.कविता एन.सिंह के प्रेरणादायक शब्दों से हुई, जिसमें उन्होंने छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा, आपने कठिन परिश्रम से यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। यह केवल शुरुआत है। चिकित्सा के क्षेत्र में आपके योगदान का समाज को बेसब्री से इंतजार है। अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करें। समारोह का एक विशेष आकर्षण चरक शपथ का आयोजन था। सभी नव नियुक्त चिकित्सकों ने चरक शपथ लेकर मरीजों के प्रति अपनी निष्ठा और सेवा भाव का संकल्प लिया। इस पवित्र शपथ के माध्यम से उन्होंने मरीजों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए समर्पित होने का वचन दिया। मुख्य अतिथि डॉ.डी.पी.लोकेवानी ने अपने प्रेरक भाषण में छात्रों को स्मरण दिलाया कि शिक्षा का यह चरण अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। उन्होंने कहा, यह आपके सीखने का अंत नहीं है। आज जो डॉक्टर पढ़ाई बंद कर देता है, वह कल अनपढ़ हो जाता है। विश्वविद्यालय से बाहर निकलने के बाद जब आप वास्तविक दुनिया में प्रवेश करेंगे, तो कई चुनौतियाँ आएंगी, लेकिन आपको अपनी बुद्धि और विवेक से उनका समाधान करना होगा। डॉ.लोकेवानी ने आगे कहा, हमारे जीवन में चार जीवित देवता होते हैं - माता, पिता, गुरु और राष्ट। इन सभी का आदर करें और हमेशा उनके प्रति नतमस्तक रहें। ये ही आपकी सफलता और प्रगति की नींव हैं। उन्होंने छात्रों को जीवन में नम्रता और कृतज्ञता का महत्व समझाते हुए कहा, आप चाहे जहाँ भी जाएँ, जो भी करें, अपने माता-पिता, शिक्षकों और इस संस्थान का हमेशा सम्मान करें। यह संस्थान आपकी %मां% है, जिसने आपको न केवल शिक्षा दी, बल्कि अनुशासन और जीवन के मूल्य भी सिखाए। सफलता की ऊँचाइयों को छूने के बाद भी विनम्रता और सेवा भाव को कभी न छोड़ें। विशिष्ट अतिथि श्री ध्रुव शुक्ल, जिन्हें कथा साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए भारत के राष्टपति द्वारा सम्मानित किया गया है, ने अपने संबोधन में महात्मा गांधी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, गांधीजी की तरह सादा जीवन जिएं, प्रकृति के करीब रहें और सत्यनिष्ठ रहें। यही जीवनशैली आपको आंतरिक संतोष और सच्ची खुशी प्रदान करेगी।

समारोह के अंत में सभी छात्रों को डिग्रियाँ प्रदान की गईं, और इस विशेष दिन की स्मृति के रूप में सामूहिक तस्वीरें खिंचवाई गईं। छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह दिन उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन है और वे इस अवसर के लिए अपने शिक्षकों और परिवार के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

पीएम जनमन योजना में देश की पहली सड़क बालाघाट में बनी

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। पीएम जनमन योजना में देश की पहली सड़क बालाघाट जिले की बैगा बस्ती में बनी। यह सड़क इन दिनों सबका ध्यान आकर्षित कर रही है। पीएमजीएसवाय ग्रामीण सड़क योजना में तैयार पंडाटोला से बिजाटोला जाती है। सड़क निर्माण 16 मार्च 2024 को शुरू हुआ था। जो पांच महीनों बाद पूरा हुआ। 26 अगस्त को सिर्फ ये ही सड़क नहीं बल्कि विभाग ने परसवाड़ा जनपद में 2 सड़के और बनाई हैं। बैगा बस्तियों के 20 गांव की करीब 3 हजार बैगा नागरिकों के जीवन की रफ़्तार अब तेज हो गई है। यहां के लोग जंगली रास्तों से होकर अपनी जीवनचर्या में व्यस्त रहते थे। शाम के बाद से इन सड़कों से गुजरना सम्भव नही था। जंगल के रास्ते पर कई वन्य जीव से गांव व टोले भयभीत रहते थे।

इन्ही कच्ची पगडंडियों से ही माध?यमिक व हाईस्कूल के बच्चे, रोगी और राशन लाने के लिए नागरिक गुजरते रहें है। अब इन सड़कों के बन जाने के बाद कच्ची सड़कें इतिहास बन कर रह गई है। परसवाड़ा जनपद क्षेत्र के उस हिस्सें में तीन सड़के पीएम जनमन अभियान में बनी है। जो आज भी दुर्गम जंगल से आच्छादित है। पीएमजीएसवाय के श्री विनोद गढ़वाल ने बताया कि इस क्षेत्र में नाटा से पांडाटोला 4.85 किमी., बड़गांव से साल्हे 4.50 किमी. और एक जो योजनांतर्गत देश की पहली सड़क है वो पांडाटोला से बिजाटोला है जिसकी लंबाई 0.811 मीटर है। करीब 1 कि.मी की इस सड़क का सीधे तौर पर गॉव के 935 नागरिक तो उपयोग कर ही रहे हैं, इसके अलावा आसपास के 4 टोलों के लिए भी यह उपयोगी सड़क है। हालांकि नाटा से पंडाटोला और उन्डईटोला के बीच दो पुल बनाने की प्रक्रिया चल रही है। इनका कार्य बारिश के बाद ही शुरू होगा। ये सड़कें जिन गांवो में बनी है उसके दायरे में आने वाले कई टोले है जो इनका उपयोग करेंगे। इनमें डोरली, चकटोला, कातलाबोडी, टिकरिया, कूकड़ा, उरूरगुड्डा, बारिया, डंडईटोला, मोहर, नारवाड़ी सहित जंगलों में बसे बैगाओं के लिए सुविधाजनक हैं।

इस क्षेत्र के करीब 30 कि.मी दायरे में अब यहाँ के करीब 3 हजार बैगा राशन दुकानों से सार्वजनिक वितरण प्रणाली का राशन पाएंगे। साथ ही स्कूली विद्यार्थी स्कूल, किसान बाजार और मंडी तक सुविधाजनक रूप से आवागमन कर सकेंगे। वहीं मरीज स?वास?थ?य केंद्र तक और मुख?य कस?बे से जुड़ पायेंगे।

कांग्रेस 20 सितंबर को निकलेगी किसान न्याय यात्रा, तैयारी बैठक संपन्न

मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव म.प्र. कांग्रेस के सह प्रभारी एवं सीधी जिले के प्रभारी रणविजय सिंह के मुख्य आतिथ्य जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अध्यक्षता एवं पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना महिला कांग्रेस प्रभारी श्रीमती कविता पाण्डेय के विशिष्ठ आतिथ्य में जवाहर कांग्रेस भवन सीधी में 20 सितंबर को आयोजित होने वाली किसान न्याय यात्रा की तैयारी बैठक शुक्रवार को बुलाई गई। बैठक की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई तत्पश्चात महापुरुषों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव रणविजय सिंह ने स्व. कुंवर अर्जुन सिंह और स्व.इंद्रजीत कुमार को याद कर नमन किया और बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी निरंतर किसानों के हितों के लिए संघर्ष कर रही है भाजपा की मोदी सरकार ने किसानों को फसलों पर एमएसपी की गारंटी देने का वादा किया था लेकिन बाद में किसानों के हितों के खिलाफ तीन काले कानून लेकर आए जिन्हें उन्हें कांग्रेस और किसान संगठनों के दबाव में वापस लेना पड़ा। भाजपा ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था लेकिन आज किसान अपने को असहाय महसूस कर रहा है क्योंकि उसे उसकी फसलों का उचित दाम बाजार में नहीं मिल पा रहा है।

सैकड़ो किसान आर्थिक तंगी के चलते आत्महत्या करने को मजबूर हो गए लेकिन भाजपा की मोदी सरकार को किसानों से कोई सहानुभूति नहीं आज भी देश का किसान आंदोलित है वह अपनी फसलों पर एमएसपी की गारंटी चाहता है लेकिन मोदी सरकार लगातार किसानों के आंदोलन को कुचलने के लिए उन्हें प्रताड़ित कर रही है लेकिन कांग्रेस किसानों के हितों के साथ खड़ी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार किसानों की आवाज देशभर में उठा रहे हैं आने वाले 20 सितंबर को पूरे प्रदेश में किसानों के हितों की रक्षा करने के लिए कांग्रेस पार्टी किसान न्याय यात्रा निकालने जा रही है राष्ट्रीय सचिव ने कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारियो से आह्वान किया कि आगामी 20 सितंबर को किसान न्याय यात्रा के माध्यम से किसानों के हक की लड़ाई पूरी ताकत के साथ लड़ना है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक मऊगंज सुखेंद्र सिंह बन्ना ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार चाहे वह केंद्र की हो और चाहे प्रदेश की हो उसने लगातार किसानों के साथ धोखा किया है खाद बीज के दाम बढ़ा दिए गए पिछले कई वर्षों से किसानों को उनकी फसलों पर बोनस नहीं मिल रहा और किसान कम कीमत पर अपनी फसल बाजार में बेचने को मजबूर हैं कांग्रेस पार्टी किसान न्याय यात्रा के माध्यम से किसानों के हक की लड़ाई लड़ने जा रही है।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि एवं महिला कांग्रेस की प्रभारी श्रीमती कविता पांडे ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार के ऊपर किसानों के साथ अत्याचार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज देश का किसान अपनी फसल की उचित कीमत के लिए आंदोलन कर रहा है लेकिन भाजपा की सरकार कहती तो है कि वह किसानों की आय दुगनी करना चाहती है लेकिन उन्हें उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं दे रही है हकीकत में वह किसानों को बड़े.बड़े उद्योगपतियों के हाथों का खिलौना बनाना चाहती है कांग्रेस पार्टी ऐसा नहीं होने देगी कांग्रेस किसानों के न्याय की लड़ाई लड़ेगी। बैठक में चुरहट विधायक प्रतिनिधि भारत सिंह, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती कमलेश सिंह और किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल पांडे ने भी अपने महत्वपूर्ण विचार और सुझाव रखें। बैठक में पधारे सभी अतिथियों का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सेमरिया के अध्यक्ष अरविंद तिवारी संकट ने वाणी के माध्यम से स्वागत किया अतिथियों का आभार जिला महामंत्री विनोद विश्वकर्मा ने व्यक्त किया बैठक का सफल संचालन उपाध्यक्ष दिनेश पाठक द्वारा किया गया।

हनुमानगढ़ में नवीन तहसील भवन निर्माण मामला पकड़ा तूल

मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र। ग्राम हनुमानगढ़ में नवीन तहसील भवन निर्माण को लेकर चयनित स्थल का विवाद थमने का नाम नही ले रहा है। घोषणा होने के बाद से ही स्थानीय ग्रामींण एवं जनप्रतिनिधि अलग अलग स्तर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं अब प्रफुल्ल कुमार पाण्डेय जिला अध्यक्ष किसान खेत मजदूर कांग्रेस सीधी ने जन भावनाअें को ध्यान में रखते हुए शासकीय भूमि पर नवीन तहसील भवन निर्माण की मांग को लेकर सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करने की रणनीति बना ली है।

प्रफुल्ल कुमार पाण्डेय ने बताया कि तहसील हेतु चयनित स्थल चिहिंत व्यक्तियों को लाभ पहुॅचाने के लिये बाजार की सीमा से एकांत स्थल पर बनाया जा रहा है, जो कि विधि विपरीत है। जिसको लेकर स्थानीय जनो में लगातार आक्रोश पनप रहा है। श्री पाण्डेय ने आगे बताया कि ग्राम हनुमानगढ़ में तहसील भवन निर्माण हेतु कृषि सोसायटी के पास पर्याप्त शासकीय भूमि उपलब्ध है। ऐसे में चयनित स्थल पर भवन निर्माण पूरी तरह से आधारहीन एवं असुविधापूर्ण है। अगर उक्त स्थल पर तहसील भवन का निर्माण होता है तो ग्रामींणो को इधर.उधर भटकना पड़ेगा साथ ही बाजार से दूरी अधिक होने के चलते बेबजह लोगों को परेशान होना पड़ेगा। पाण्डेय ने सत्ताधारी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा अपने चहेतो को लाभ पहुॅचाने के लिये आमजनमानस की भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है। जो कि कॉग्रेंस पार्टी कदापि सहन नही करेगी। पाण्डेय ने बताया कि जल्द ही किसान खेत मजदूर कांग्रेस एवं भारी संख्या में ग्रामींणो के द्वारा सड़को पर उतर कर आर पार की लड़ाई लड़ी जायेगी।

सड़को में जगह जगह बने गढ्ढ़ों से आए दिन हो रहीं सड़क दुर्घटनायें

मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र। वर्षा ऋतु के साथ ही जिले की ज्यादातर सड़के जर्जर हालत में देखने को मिल रही हैं। जगह.जगह सड़क पर बडे.बडे गढ्ढ़े निर्मित हो चले हैं। बरसात में पानी भरे होने के कारण यहां दुर्घटना की आशंका भी बढ़ जाती हैं। सड़क की इस स्थिति से नागरिक खासे नाराज हैं। कई बार संबंधित अधिकारियों के पास गुहार लगाने के बावजूद भी सड़क नहीं सुधर पाई है।

प्रदेश सरकार द्वारा इन दिनो गढ्ढ़े से मुक्त रोड़ का अभियान कागजो में चलाया जा रहा है। वहीं बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा पूर्व के ब्लैक लिस्टेड संविदाकारों पर मेहरवानी दिखाई जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा जिले में सड़कों की जाल बिछा कर विकास के दावे किए जा रहे हैं। गांव.गांव में आवागमन के साधन के लिए सड़कें बनाई जा रहीं हैं। पर देखरेख के अभाव एवं गुणवत्ता में कमी के चलते सड़कें पहली वर्षा में ही जर्जर हो जाती हैं। ये सड़कें जनता के लिए परेशानी का सबब बनकर आए दिन दुर्घटना को आमंत्रित कर रही हैं। मजबूरी में जनता उन बदहाल सड़कों पर जान जोखिम में डाल कर यात्रा करने को मजबूर हो जाती है। इन सड़कों पर विकास का वादा करने वाले जनप्रतिनिधि भी यात्रा करते हैं। पर वे भी पद में आने के बाद अपने वादे भूल जाते हैं।

सीधी मझौली मार्ग दयनीय हालात में: जिले के मझौली विकासखंड की ज्यादारत सड़के शासन.प्रशासन की उपेक्षा का दंश झेल रहा है। इस अंचल के चारो तरफ के मार्ग विगत करीब एक दशक से अधिक समय से खराब हैं। इन मार्गो में वाहन का निकलना टेढ़ी खीर सावित हो रहा है। कुछ मार्ग लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत हैं, जहां पैचिंग के नाम पर हर वर्ष विभाग कमाई तो कर रहा है, लेकिन मार्ग की हालत सुधर नहीं रही है। वहीं कुछ मार्ग प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत स्वीकृत तो हो गए हैं लेकिन निर्माण की गति काफी धीमी होने से लोग परेशान हैं। क्षेत्रीय लोगों की माने तो बारिश के मौषम में मार्ग पूरी तरह से कीचड़ से सन जाता है और सड़क के गढ्ढ़ों में वाहन हिचकोले खाते हुए चलते हैं, जिससे हादसों का भी खतरा बना रहता है। वहीं इन दिनो सीधी से व्यौहारी शहडोल पहुॅच मार्ग में सीधी से मझौली के बीच में कई स्थलों पर निर्मित गढ्ढ़े दुर्घटनाओं को खुला आमंत्रण दे रहे हैं। इसके साथ ही कई स्थलो पर अंधे मोड़ के बीच सूचना पटल का अभाव बना हुआ है, जबकि चिहिंत इन स्थलो पर पूर्व में कई गंभीर सड़क हादसे घटित हो चले हैं।

इनका कहना है : वर्षा ऋतु समापन की ओर है, वहीं अब कई स्थलो पर सड़को पर गढ्ढ़े निर्मित हो गये हैं। जिनको जल्द ही अभियान के तहत सुधार कर सुविधायुक्त सड़को का निर्माण किया जायेगा।

एमके परते, ई पीडब्ल्यूडी सीधी

तीन दिन हुई बारिश के बाद मौसम खुला

बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों ने ली राहत, किसानों की फसलों को हुआ नुकसान

मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र। पन्ना में विगत तीन दिन रुक रुक कर हुई भारी बारिश के बाद शुक्रवार की रात्रि से मौसम साफ हो गया है। जिससे बाढ़ प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों ने राहत की सांस ली है लेकिन रैपुरा क्षेत्र के मोहरा टपरिया, चंगेरी गांव में खेतों में पानी भरने से फसलें डूबी हुई है। जिससे किसानों को फसलों के चौपट होने का खतरा बना हुआ है।

वहीं जिले में अबतक 992.6 मिमी बारिश हो चुकी है।जबकि जिले की औसत बारिश 1176.4 मिमी है। जो औसत बारिश की अपेक्षा अभी 183.8 मिमी बारिश कम हुई है। दरअसल पन्ना जिले में बिगत तीन दिन से बारिश का दौर जारी रहा। जो गुरुवार रात से थम गया है। शुक्रवार की रात से ही मौसम साफ बना हुआ है।

वहीं अगर जिले में हुई बारिश की बात करें तो जिसमे सबसे ज्यादा पवई, सिमरिया, रैपुरा और अमानगंज क्षेत्र में बारिश हुई है। जिले में बीते 24 घंटे में हूई 7.3 मिमी बारिश,अबतक कुल 992.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज, पन्ना जिले में इस वर्ष अब तक 992.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

एक जून से 13 सितम्बर की अवधि में जिले के तीन वर्षामापी केन्द्रों पर 1100 मिमी से अधिक वर्षा दर्ज की गई।जिसमे पवई में सर्वाधिक 1396.0 मिमी,जबकि सिमरिया में 1194.1 मिमी, रैपुरा में 1132.0 मिमी, अमानगंज में 1086.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।इसी तरह पन्ना में 910.6 मिमी, देवेन्द्रनगर में 691.3 मिमी, गुनौर में 778.3मिमी, शाहनगर मे 955.5 मिमी और अजयगढ़ में 789.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

चाकू की नोक पर युवती से दुष्कर्म

युवती को डराकर सड़क से जंगल ले गया आरोपी, तालाब के पास किया रेप, राहगीरों ने पकड़ा

मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र। सुनसान सड़क पर पैदल जा रही युवती के साथ चाकू की नोक पर रेप की घटना सामने आई है। घटना गुरुवार शाम की बताई जा रही है। देर रात पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रेप के बाद युवती ने रास्ते से गुजर रहे कुछ युवकों को रुकवा कर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद आरोपी युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पैदल घर की तरफ जा रही थी युवती: गुरुवार शाम को गोहपारू थाना क्षेत्र के दियापीपर तिराहे में ऑटो से उतर कर 23 वर्षीय युवती अपने घर के लिए पैदल जा रही थी। युवती के पीछे-पीछे एक बाइक सवार युवक चल रहा था। जैसे ही युवती तिराहे से कुछ आगे बढ़ी रास्ते में तालाब के पास युवक ने बाइक रोक कर युवती के गले में चाकू अड़ा दिया। इसके बाद युवती को उठाकर सड़क से तालाब की ओर ले गया और चाकू की नोक पर दुष्कर्म किया।

सड़क पर आकर लोगों को बताई घटना: घटना के समय युवती ने मदद की गुहार लगाई, लेकिन सड़क पर उस दौरान कोई भी मौजूद नहीं था। घटना के बाद युवती भागते हुए सड़क पर पहुंची। तभी कुछ युवक गांव की ओर पैदल ही जा रहे थे। आरोपी भी सड़क पर कुछ लोगों की आहट सुनकर मौके से भागने की तैयारी कर रहा था, तभी युवती ने सड़क पर मौजूद युवकों को घटना के बारे में बताया और युवकों ने आरोपी युवक को वहीं पर पकड़ लिया था।

चाभी के छल्ले में लगा था चाकू: गोहपारू थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार ने बताया कि आरोपी युवक बाइक में सवार होकर कहां जा रहा था अभी इस बात का खुलासा नहीं हुआ है, पर उसने पैदल जा रही युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। चाकू चाबी के छल्ले में था, जिसे निकालकर युवती को उसने डराया और तालाब के पास ले जाकर उसके साथ घटना को अंजाम दिया है।

नगरीय सुशासन-मानव अधिकार विषय पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी

मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग भोपाल के स्थापना दिवस समारोह में जिले स्तर पर भी आयोग के प्रतिनिधि (आयोग मित्र) द्वारा जनपद पंचायत सभागार सीधी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयोग के गतिविधियों, अधिकारों तथा जागरूकता संबधी बातों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य विषय नगरीय सुशासन - मानव अधिकार पर चर्चा की गई। जिस पर जिला प्रशासन, नगरीय प्रशासन के अधिकारियों ने विभिन्न मुद्दों पर विचार साझा किए।

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्र मोहन गुप्ता ने बताया कि साफ सड़क, स्वच्छ जल भी मानव अधिकार का हिस्सा है इसलिए ये हम सबकी और सरकार की भी जिम्मेदारी है, इसे उपलब्ध करायें और हम नागरिक इसे संरक्षित रखें।

नगरीय प्रशासन की तरफ से मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधी मिनी अग्रवाल ने जिले के नागरिक को इस अवसर पर आश्वस्त किया है कि नगर पालिका द्वारा नगरीय क्षेत्र में नागरिकों को सेवाएं उपलब्ध कराने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सेवाओं की निरंतरता के लिए जनता जनार्दन से सहयोग के लिए अपेक्षा रहेगी।

मध्य प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग भोपाल के प्रतिनिधि सीधी जिले के संयोजक आयोग मित्र गणेश सिंह द्वारा आयोग के गतिविधियों तथा मानव अधिकार के जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सबसे पहले हर व्यक्ति मनुष्य है और इस नाते उसे ये अधिकार प्राप्त है अगर इस अधिकार का किसी व्यक्ति संस्था सरकार या किसी के द्वारा हनन किया जा रहा है तो वह उसके लिए आवाज उठा सकता है, वह कोई आम नागरिक हो या कर्मचारी या अन्य। उन्होंने बताया कि आयोग के लिए शिकायत करने के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन (पत्र व्यवहार) द्वारा शिकायत की जा सकती है ताकि आपके साथ हुए अन्याय के लिए सही न्याय मिल सके।

इसी क्रम में शिक्षा विभाग से उपस्थित डीपीसी राजेश तिवारी ने शिक्षा के अधिकार पर चर्चा की और कहा कि हर व्यक्ति शिक्षा पा सके इसके लिए वह लड़ तक सकता है। ये उसका हक है। पत्रकार शशांक शेखर मिश्र ने भी नगरीय प्रशासन पर कार्य करने की बात कही और अच्छे सुशासन के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

38 हजार के नकली नोट बरामद, यूट्यूब से सीखकर आरोपी घर पर ही छाप रहा था

मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र। सिंगरौली जिले में 38 हजार 400 सौ रुपए के नकली नोट के साथ में एक आरोपी को विंध्यनगर थाना पुलिस ने को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने घर पर ही कलर प्रिंटर की मदद से 100, 200 और 500 के नकली नोट छाप रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने यूट्यूब के माध्यम से नकली नोट छापना सीखा था। पुलिस को गुरुवार को सूचना मिली थी कि ढोती गांव में एक व्यक्ति नकली नोट की एक मशीन खेत पर लाने वाला है। इसी सूचना के आधार पर थाना प्रभारी अर्चना द्विवेदी ने उप निरीक्षक संदीप नामदेव को टीम के साथ में गांव भेजा।

पुलिस ने आरोपी के पास जब्त किए नकली नोट: यहां संदेही मौके पर ही मिल गया। उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 100 और 200 के नकली नोट मिले। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपों का नाम चिंटू उर्फ दिनेश साकेत है, जो 25 साल का है। हाल में वह बनौली खुटार थाना बैढ़न में रह रहा था और वहीं पर कलर प्रिंटर, लैपटॉप सहित सादे कागज से नकली नोट छापने का काम कर रहा था। पुलिस को आरोपी के घर से नोट छापने के उपकरण सहित 500 के चार नोट 100 के 110 नोट 200 के नोट बरामद किए हैं।

बच्चों को सामान खरीदने देता था नकली नोट: एसपी निवेदिता गुप्ता ने बताया कि आरोपी लगभग 10 दिनों से ही नकली नोट छाप रहा था। आरोपी का छोटे नोट छापने का उद्देश्य यह होता था कि वह छोटे-छोटे बच्चों को बाजार से सामान लाने के लिए यह नोट देता था। दुकानदार भी नोट छोटे होने की वजह से उसे ज्यादा चेक नहीं करते थे।

चंदला थाना पुलिस की कार्रवाई

हत्या का प्रयास करने वाले दो आरोपियों पकड़कर भेजा जेल, 3 अब भी फरार

मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र। चंदला थाना पुलिस ने धारदार हथियार से हत्या का प्रयास करने वाले 2 आरोपियों को शुक्रवार की दोपहर 12 बजे गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि कुछ दिनों पहले फरियाद इंदल राजपूत निवासी ग्राम छपरा ने खेत पर धारदार हथियार से मारपीट कर जान से मारने की शिकायत की थी। थाना पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ नामजद आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीयन किया गया था। इलाज के लिए पीड़ित को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश की कर रही थी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें रामनरेश राजपूत और अखिलेश राजपूत को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ की जिसमें उन्होंने घटना में शामिल होना स्वीकार किया है।

तहसीलदार के ड्राइवर को कट्टा से धमकाया

दो पक्षों में जमीन का विवाद, वीडियो सोशल मीडिया में वायरल

मीडिया ऑडीटर, शहडोल एजेंसी। शहडोल के गोहपारू थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीनी विवाद में कुछ दबंग तहसीलदार के ड्राइवर के घर देशी कट्टा चमकाते नजर आ रहे हैं। यह घटना कुछ दिन पुरानी बताई जा रही है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। शुक्रवार को पीड़ित की शिकायत पर गोहपारू पुलिस ने कट्टा चमकाने वाले दबंग के खिलाफ मामला दर्ज के मामले की जांच में जुट गई हैं।

गोहपारू थाना क्षेत्र के खन्नौधी के रहने वाले तहसीलदार के ड्राइवर जितेंद्र कुमार वर्मा का संतोष कुमार दुबे नामक एक व्यक्ति से जमीन का विवाद चल रहा है। इनके बीच कुछ पैसों के लेनदेन का भी विवाद है। आरोपी संतोष कुमार कुछ दिन पहले अपने कुछ साथियों के साथ एक गाड़ी में पीड़ित के घर पहुंच कर धमकाने लगा।

पीड़ित जितेंद्र का आरोप है कि दबंगों ने हाकी, देशी कट्टे से लैस होकर उनके घर विवाद करने आए थे। उन्होंने कट्टे की नोक पर जान से मारने की धमकी दी है। इस दौरान पीड़िता ने उनके वाद विवाद का एक वीडियो भी बना लिया था।

मामले की जांच की जा रही है: एडिशनल एसपी अभिषेक दीवान का कहना है कि तहसीलदार के ड्राइवर जितेंद्र को संतोष दुबे अपने दो अन्य साथियों के साथ उसके घर पर आकर जान से मारने की धमकी दी है। शिकायत पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। दोनों के बीच पैसों के लेनदेन का विवाद का मामला है। कट्टा चमकाने के संबंध में भी जांच की जा रही है।

आसिमा डिप्टी कलेक्टर हेतु चयनित, पूर्व छात्रा का सरस्वती विद्यालय में हुआ अभिनंदन

मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र। सरस्वती विद्यालय की पूर्व छात्रा बहिन आसिमा पटेल के राज्य प्रशासनिक सेवा डिप्टी कलेक्टर में चयनित होने पर डॉ. राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में विद्यालय परिवार द्वारा अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

इसके साथ ही सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरहट के संस्थापक एवं प्रथम व्यवस्थापक डॉ राजेश मिश्रा का लोकसभा सांसद बनने के बाद प्रथम बार विद्यालय आगमन पर समिति एवं आचार्य परिवार द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

विद्यालय प्राचार्य रमेश चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि बहिन आशिमा पटेल ने शिशु से द्वादश कक्षा तक की पढ़ाई सरस्वती शिशु मंदिर चुरहट से पूर्ण की एवं आज उच्च पद पर सुशोभित हुई इसका श्रेय उन्होंने विद्यालय को देते हुए आचार्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की, साथ ही वर्तमान में अध्ययनरत भैया बहनों को निरंतर आचार्यों की आज्ञा का पालन करते हुए पूरी लगन से अध्ययन करने की बात कही तथा उनसे उनके कैरियर को लेकर संवाद भी किया। मुख्य अतिथि सांसद डॉ राजेश मिश्रा के द्वारा भैया बहिनों को अपना लक्ष्य निर्धारण कर उसे प्राप्त करने के लिए गुरुजनों के संरक्षण में संस्कार युक्त शिक्षा ग्रहण कर सतत अग्रसर रहने की प्रेरणा दी गई तथा विद्यालय समिति एवं आचार्य परिवार से निरंतर उपलब्धि हेतु प्रयास करने के लिए कहा गया। सांसद ने विद्यालय की प्रगति के लिए हर तरह से सहयोग करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर बहिन आसिमा पटेल के पिता धनेश पटेल, बड़े पिता राम सुशील पटेल प्रबंध समिति के अध्यक्ष, व्यवस्थापक गौतम मणि अग्निहोत्री, सह व्यवस्थापक डॉ अजय मिश्रा, पूर्व व्यवस्थापक एवं पूर्व अध्यक्ष राजकुमार त्रिपाठी, समिति के पदाधिकारी पुंडरीक सिंह, कोषाध्यक्ष श्री के के तिवारी पूर्व व्यवस्थापक, अर्जुन नामदेव, चुरहट नगर के अन्य गणमान्य नागरिक, विद्यालय के प्राचार्य रमेश चंद्र त्रिपाठी एवं समस्त आचार्य दीदी व भैया बहिनों की उपस्थिति रही।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 3036/न.पा.नि./राजस्व/2024-25 रीवा, दिनांक 5/9/2024

अचल सम्पत्ति नामांतरण विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की व्यसायिक योजना क्रमांक-7 यातायात नगर रीवा जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में स्थित भूखण्ड क्रमांक S/100 क्षेत्रफल 43.76 वर्गमीटर **श्री बसंतलाल गुप्ता पिता श्री शारदा प्रसाद गुप्ता** को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, इनकी मृत्यु पश्चात, इस भूखण्ड का नामान्तरण श्री प्रकाश गुप्ता पिता स्व. श्री बसंतलाल गुप्ता निवासी उपरहटी रामाधीन गली रीवा (म.प्र.) के नाम किये जाने हेतु दिनांक 29.07.2024 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड क्रमांक S/100 के नामांतरण में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात आवेदक के आवेदन अनुसार उक्त भूखण्ड क्र. S/100 का नामांतरण श्री प्रकाश गुप्ता पिता श्री बसंतलाल गुप्ता निवासी उपरहटी रामाधीन गली रीवा (म.प्र.) के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

उपायुक्त (राजस्व)
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

संपादकीय

चुनाव करवाने के बजाए पद पर जमे हुए हैं जेलेंस्की

यूक्रेन हमलावर है। और वो रक्षात्मक कतई नहीं है। वो रूस की हर ईंट का जवाब पत्थर से दे रहा है। अगस्त में रूसी इलाके में काफी अन्दर तक घुसपैठ करने में यूक्रेन की आश्चर्यजनक सफलता से उसकी जनता और यूक्रेन के मित्र देशों, दोनों का मनोबल काफी बढ़ा है। यूक्रेन के लुवियो पर हुए एक मिसाइल हमले में कम से सात लोग मारे गए और 53 घायल हुए। इसके पिछले दिन पोल्टावा के एक सैन्य प्रशिक्षण केन्द्र व अस्पताल पर हुए हमले में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। सप्ताहांत पर खार्कीव में एक खेल मैदान को बम का निशाना बनाया गया। इसमें एक चौदह वर्षीय लड़की समेत कम से कम सात लोगों ने अपनी जान गंवा दी। इस बीच पूर्वी यूक्रेन में रूसी सुरक्षाबलों की स्थिति मजबूत हुई है, जहां दसियों हजार यूक्रेनी पलायन की तैयारी कर रहे हैं। यदि रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पोकरोस्क यूक्रेन के हाथ से निकल जाता है, तो यह उसके लिए एक बड़ा धक्का होगा। इन हमलों के बीच राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने जनता की नाराजगी को महसूस करते हुए युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे बड़ा एवं महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल किया है। जेलेंस्की का पांच वर्ष का कार्यकाल 20 मई को समाप्त हो गया है लेकिन चुनाव करवाने के बजाए वे पद पर जमे हुए हैं। यूक्रेन में फरवरी 2022 में रूसी आक्रमण के बाद लागू किया गया मार्शल लॉ अभी भी जारी है, जिसके अंतर्गत चुनाव नहीं करवाए जा सकते। हालांकि युद्ध के शुरूआती दौर में जेलेंस्की के प्रयासों और उनके नेतृत्व की प्रशंसा होती थी, और देश की जनता उनके नेतृत्व में एकजुट थी, लेकिन बाद में उनकी लोकप्रियता और उनके प्रति समर्थन घटता गया। कुछ यूक्रेनियाईयों का मानना है कि यदि देश का नेतृत्व किसी अन्य नेता के हाथ में होता तो युद्ध बेहतर तरीके से लड़ा जा सकता था और किसी तरह के शांति समझौते का मार्ग प्रशस्त हो सकता था।

उनकी मंत्रिपरिषद में भी उनके प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। पिछले कुछ सप्ताहों के दौरान थोक में इस्तीफे हुए हैं, जिससे बगावत की बू आ रही है। यही वजह है कि जेलेंस्की फेरबदल कर रहे हैं, जिसका लंबे समय से इंतजार था। कई अत्यंत प्रभावशाली और महत्वपूर्ण व्यक्ति बर्खास्त किए जाने वालों की लिस्ट में शुमार हैं। दो उपप्रधानमंत्री और कानून मंत्री तो इनमें हैं ही, मगर हटाए जाने वालों में सबसे जाने-माने व्यक्ति हैं दिमित्रो कुलेबा, जो लंबे समय से विदेशमंत्री हैं। जब उन्होंने फरवरी में अत्यंत लोकप्रिय सेनाध्यक्ष वलेरी ज़ालुज़्नी को बर्खास्त किया था, तो लोगों को काफी आश्चर्य हुआ था, लेकिन विदेश मंत्री और ऊर्जा ग्रिड के प्रमुख व्लादिमिर जेलुनन्यही को हटाए जाने और बोर्ड के दो विदेशी सदस्यों द्वारा राजनैतिक दबाव की शिकायत किया जाना वाकई उनके लिए चिंता का सबब है।

अमित शाह के आश्वासन को भाजपा ने क्यों किया दरकिनार? क्यों घाटी की 28 सीटों पर नहीं उतारे उम्मीदवार?

नीरज कुमार दुबे

सरकार बनाने के इरादे से चुनावी मैदान में उतरी भाजपा इस केंद्र शासित प्रदेश में बिल्कुल नई रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। भाजपा जमू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा में स्पष्ट बहुमत तो चाह रही है मगर उसने 28 सीटों पर अपने उमीदवार ही नहीं उतारे हैं इसलिए सवाल उठ रहा है कि जब सभी सीटों पर वह लड़ ही नहीं रही है तो सरकार कैसे बना लेगी? हम आपको बता दें कि भाजपा घाटी की सिर्फ 19 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। देखा जाये तो कश्मीर घाटी में 28 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ने का भाजपा का फैसला हैरानी भरा है योंकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की थी कि पार्टी जमू-कश्मीर की सभी 90 विधानसभा सीटों पर अपने उमीदवार उतारेगी।

गत सप्ताह भाजपा का संकल्प पत्र जारी करने केंद्र शासित प्रदेश के दौरे पर आये अमित शाह ने दावा किया था कि भाजपा ही केंद्र शासित प्रदेश में सरकार बनाएगी। इसलिए सवाल उठता है कि भाजपा सरकार बनाने लायक नंबर कहां से लायेगी? हम आपको बता दें कि कश्मीर घाटी में भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में कड़ी मेहनत कर अपना पार्टी संगठन खड़ा किया था और विभिन्न क्षेत्रों में उसके पास समर्थकों की अच्छी खासी तादाद भी है लेकिन इसके बावजूद पार्टी ने 28 सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारे जिससे पार्टी के तमाम कार्यकर्ता नाराज बताये जा रहे हैं। हालांकि भाजपा इस नाराजगी को ज्यादा तवज्जो नहीं दे रही और उसका कहना है कि कश्मीरी जनता हमें उन 19 सीटों पर भारी बहुमत देगी जहां हमने अपने उम्मीदवार उतारे हैं। मगर कश्मीर घाटी में भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी चुनाव में उम्मीदवार ही नहीं उतार रही है तो फिर उन्हें लगता है कि इस पार्टी में उनका कोई भविष्य नहीं है। श्रीनगर में एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि हमने वर्षों से विपरीत माहौल में पार्टी को खड़ा करने के लिए कड़ी मेहनत की लेकिन जब हमें पुरस्कृत करने का समय आया, तो पार्टी ने हम पर भरोसा नहीं किया। उन्होंने या तो सीटें छोड़ दीं या ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारा जो पार्टी में नए हैं।

कश्मीर घाटी के भाजपा नेता और कार्यकर्ता अमित शाह के वादे पर भी सवाल उठा रहे हैं। हम आपको याद दिला दें कि इसी साल मई में घाटी की अपनी यात्रा के दौरान, भाजपा नेताओं के साथ बातचीत करते हुए अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के दौरान कश्मीर घाटी की सभी तीन सीटों को छोड़ने के फैसले पर खेद व्यक्त किया था। हम आपको याद दिला दें कि लोकसभा चुनावों में जम्मू में आने वाली दो सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी और उसने कश्मीर की तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारे थे। अमित शाह ने उस समय पार्टी कार्यकर्ताओं से जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने का आग्रह करते हुए कहा था कि भाजपा इस बार सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसलिए सवाल उठ रहा है नेताओं और कार्यकर्ताओं को दिये गये आश्वासन के बावजूद भाजपा ने अपना मन क्यों बदला? हम आपको बता दें कि कश्मीर में पार्टी के 19 उम्मीदवारों में दक्षिण कश्मीर की 16 विधानसभा सीटों में से आठ, मध्य कश्मीर की 15 में से छह और उत्तरी कश्मीर की 16 विधानसभा सीटों में से पांच शामिल हैं। भाजपा सूत्रों का कहना है कि वह घाटी में किसी चमत्कार की उम्मीद नहीं कर रहे हैं और केवल 19 उम्मीदवारों को मैदान में उतारने का निर्णय एक सोचा समझा फैसला है ताकि कुछ स्वतंत्र उम्मीदवारों को जीत हासिल करने में मदद मिल सके। भाजपा सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनावों में भी कश्मीर घाटी की तीनों लोकसभा सीटें इसलिए छोड़ी गयीं थीं कि अन्य ताकतवर उम्मीदवार उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती को हरा सकें और पार्टी की वह रणनीति कामयाब रही थी। भाजपा सूत्रों का कहना है कि कश्मीर घाटी में इस बार कई स्वतंत्र उम्मीदवार जीतने की हैसियत रखते हैं इसलिए उनकी राह में बाधा बनना सही नहीं है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि यह स्वतंत्र उम्मीदवार जीत हासिल करते हैं तो सरकार बनने की स्थिति में पार्टी की मदद कर सकते हैं। भाजपा सूत्रों का कहना है कि 28 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ने का फैसला इसलिए भी लिया गया है ताकि वंशवादी राजनीति करने वाले नेताओं को हराने में अन्य प्रबल उम्मीदवारों की मदद की जा सके। भाजपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी नेतृत्व जानता है कि श्रीनगर की एक सीट पर ही उसकी जीत की पूरी संभावना है। इसलिए छोड़ी गयी सीटों पर सीधे पार्टी के उम्मीदवार नहीं उतार कर डमी उम्मीदवार उतारे गये हैं जो समय आने पर भाजपा के लिए मददगार साबित होंगे। हालांकि भाजपा की इस रणनीति को कश्मीरी नेता बखूभी समझ रहे हैं। हम आपको बता दें कि नेशनल कांफ्रेंस का अब्दुल्ला परिवार और पीडीपी की महबूबा मुफ्ती खुलेआम कह रहे हैं कि भाजपा ने निर्दलीयों और नये दलों की फौज उतार दी है ताकि कश्मीर में दशकों से राजनीति कर रहे दलों के समीकरण बिगड़ जायें। यही नहीं, दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग से भाजपा उम्मीदवार रफीक वानी ने भी खुले तौर पर दावा कर दिया है कि नए क्षेत्रीय दल और निर्दलीय हमारे ही हैं। उन्होंने हाल ही में कहा था कि इंजीनियर राशिद हमारे हैं, सज्जाद लोन भी हमारे हैं, अल्ताफ बुखारी भी हमारे हैं और गुलाम नबी आज़ाद भी हमारे ही हैं, निर्दलीय उम्मीदवार भी हमारे ही हैं। हम आपको बता दें कि भाजपा का प्रयास है कि उसे जम्मू में 35 और कश्मीर से सभी 19 सीटें मिल जाएं ताकि 90 सदस्यीय विधानसभा में वह स्पष्ट बहुमत हासिल कर सके। भाजपा को यह भी लगता है कि कश्मीर में पांच पार्टियां समय आने पर उसका समर्थन कर सकती हैं। घाटी में चर्चाएं तो यहां तक हैं कि अभी कांग्रेस के साथ मिल कर चुनाव लड़ रही नेशनल कांफ्रेंस भी जरूरत पड़ने पर सरकार गठन के लिए भाजपा के साथ जा सकती है। हम आपको याद दिला दें कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय में नेशनल कांफ्रेंस एनडीए का हिस्सा रह चुकी है। उस समय उमर अब्दुल्ला वाजपेयी सरकार में विदेश राज्य मंत्री थे। बहरहाल, घाटी की 28 सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारने के फैसले के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के प्रचार की शुरुआत कश्मीर घाटी से ही करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवारों के प्रचार के लिए 19 सितंबर को श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर पार्क में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। बताया जा रहा है कि इस रैली में करीब 30,000 पार्टी कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है। देखना होगा कि जम्मू-कश्मीर की राजनीति का ऊँट किस करवट बैठता है?

भारत पिछड़ा मौका हाथ से गया

चीन ने जो जगह खाली की, उसे बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देश भरने में कैसे कामयाब हुए और क्यों भारत पिछड़ गया? चुनौती यह सोचने की भी है कि चूंकि वो मौका हाथ से चला गया है, तो अब आगे क्या विकल्प है?

श्रम केंद्रित मैनुफैक्चरिंग सेक्टर्स से चीन के हटने से भारत के सामने बड़ा निर्यातक देश बनने का जो अवसर आया था, वह हाथ से निकल गया है। यह बात विश्व बैंक ने कही है। बैंक ने अपने इंडिया डेवलपमेंट अपडेट में जिक्र किया है कि भारत में अंतरराष्ट्रीय व्यापार से संबंधित प्रत्यक्ष या परोक्ष रोजगार पिछले एक दशक के दौरान घटा है। बताया गया है कि वस्त्र, चमड़ा, कपड़ा, रत्न एवं जेवरात आदि जैसे श्रम केंद्रित सेक्टर्स में विश्व व्यापार में भारत का हिस्सा गिरता चला गया है। जबकि बांग्लादेश, वियतनाम और पोलैंड जैसे देशों ने अपना हिस्सा बढ़ा लिया है। इसके पहले मीडिया रिपोर्टों में बताया गया था कि 2017-18 के बाद से उपरोक्त वस्तुओं के भारतीय निर्यात में 12 फीसदी की गिरावट आई है। नतीजतन, इन क्षेत्रों से जुड़े कारखाने या तो बंद हुए हैं या उन्होंने अपना उत्पादन घटाया है। स्वाभाविक है कि इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या नौकरियां गई हैं। विश्व बैंक ने इस अंतर्विरोध का उल्लेख किया है कि एक तरफ भारत आज दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है, वहीं देश में शहरी युवा बेरोजगारी की दर 17 प्रतिशत के ऊंचे स्तर पर है।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव-विमर्श के विषय

प्रवीण गुगनानी

कभी किसी जमाने की बात याद है न?! जब प्रत्येक राष्ट्रीय क़ानून, प्रस्ताव, प्रावधान आदि पर लिखा जाता था जम्मू और कश्मीर को छोड़कर!! अब देश में वैसा नहीं होता है। अब जम्मू कश्मीर शेष भारत के नवनिर्माण में सहयोग दे रहा है। आज का कश्मीर नये भारत का नया कश्मीर है। जिस कश्मीर में दशकों तक ऐसा आतंकी वातावरण रहा कि वहाँ भारतीय भी जाने की कल्पना नहीं करते थे उस कश्मीर में मोदी सरकार ने जी ट्वेंटी का सम्मेलन करवा दिया, यही नया कश्मीर है। अनुच्छेद 370 को इस प्रदेश की नियति मानने और बताने वाले लोग वस्तुतः बदनियत लोग थे, ये अब मुख्यधारा से बाहर हैं। कांग्रेस ने भी फ़ारूख़ अब्दुल्ला और उसके अन्य प्रिय कश्मीरी अलगाववादियों, उग्रवादियों व आतंकवादियों के साथ चलते हुए अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया था। 370 के उन्मूलन के बाद एक बना था, गुपकार गठबंधन। अब्दुल्ला परिवार व कांग्रेस इस गुपकार गठबंधन के प्रमुख चट्टे-बट्टे थे। ये चाहते हैं कि 370 कश्मीर में पुनर्स्थापित हो। अनुच्छेद 370 के संदर्भ में आज कांग्रेस की स्थिति साँप-छछून्दर के जैसी है। कश्मीर में वह अलगाववादियों, उग्रवादियों, आतंकियों, देश विरोधियों के साथ खड़े होकर 370 की पक्षधर दिखती है। यही कांग्रेस शेष भारत में अपनी इस केंचुली को उतारकर 370 के विषय में दोहरे चरित्र की बात करती है। जब समूचा भारत देश अनुच्छेद 370 के उन्मूलन को लेकर प्रसन्न हो रहा था तब कांग्रेस देश की इस प्रसन्नता से अलग होकर मुँह फुलाए बैठी थी। कांग्रेसी अभिषेक सिंघवी ने तब कहा था %%प्रथम दृष्टया, हम 370 को निरस्त करने

SIMRAN
NANAK NAGAR JAMMU

के तरीकों पर निर्णय से असहमत हैं।%% 6 अगस्त, 2019 को कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने लेकर मोदी सरकार पर हमला किया था। इस बैठक में उसने370 का सम्मान करते रहने का प्रस्ताव पारित किया था। ऐसा विरोध भला 'देश विरोध' नहीं तो और क्या था?! शेष राष्ट्र के सामने कांग्रेस अपने दोहरे चरित्र पर बड़ी बेशर्मी से स्वयं को 'गुपकार गैंग' से अलग बताती है। यही कांग्रेस अनुच्छेद 370 हटने के ठीक एक दिन पूर्व फ़ारूक़ अब्दुल्ला के निवास पर पीडीपी सहित कई अन्य अलगाववादियों के साथ गले में हाथ डालकर बैठी थी और अनुच्छेद 370 के पक्ष में संयुक्त व्यक्तव्य जारी कर रही थी। यही कांग्रेस, अनुच्छेद 370 के हटने के एक वर्ष बाद भी कश्मीर में पुनः गुपकार रोड पर पुनः इन उग्रवादियों के साथ खड़ी दिखाई देती है। कांग्रेस, अब्दुल्ला और पीडीपी वाले इस अलगाववादी गठबंधन ने एक वर्ष बाद भी यह कहा था कि- अनुच्छेद 370 और 35 को पुनर्स्थापित करने हेतु ये लोग प्रतिबद्ध हैं। कश्मीर के इस विधानसभा चुनाव में कश्मीर की जनता को कांग्रेस से यह पूछना चाहिए कि कश्मीर छोड़कर शेष राष्ट्र में वह अनुच्छेद 370 को हटाने के पक्ष में क्यों खड़ी दिखती है? ये दोहरा चरित्र क्यों है?! शेष राष्ट्र में वह अब्दुल्ला व मुफ़्ती परिवार से दूरी का प्रदर्शन करती है और अब विस चुनाव भी उनके साथ ही लड़ती है। कश्मीर की जनता को इन दोहरे और डुप्लीकेट चरित्र वाले लोगों का बहिष्कार करना चाहिये। गुपकार गठबंधन स्पष्ट तौर पर विदेशी शक्तियों का एक और कांग्रेस, अब्दुल्ला, पीडीपी इसके साथ खड़े हुए हैं। डॉ. पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी के संकल्प एक देश, एक विधान, एक प्रधान के संकल्प को शिरोधार्य किए हुए भाजपा ने अपनी संकल्पशक्ति से भारत के मुकुटमणि को 370 व 35 ए के दंश से मुक्ति दिलाई है। कश्मीर का विकास अब शेष देश के समान आगे बढ़ता हुआ दिखता है। वर्ष 2020-21 में 15वें वित्?त आयोग की अनुशंसा के अनुसार, जम्?मू और कश्?मीर प्रदेश एवं लद्दाख हेतु क्रमशः 30757 करोड़ रु. और 5959 करोड़ रु. का अनुदान दिया गया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने कश्मीर में लोकतंत्र को पुनर्जीवित किया है। वर्ष 2018 में भाजपा की संकल्प शक्ति से कश्मीर में पंचायत चुनाव हुए जिसमें 74.1 प्रतिशत मतदान हुआ, वर्ष 2019 में ब?लॉक डेवलेपमेंट काउंसिल चुनाव में 98.3 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद जिला स?तर के चुनाव में भी यही गाथा दिहराई गई। आज कश्मीर में आयुष्?मान योजना से 4.4 लाख लाभार्थियों की सूची बन गई है। प्रधानमंत्री किसान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ने कश्मीर ने देश के शेष राज्यों की अपेक्षा अधिक सफलता अर्जित की है। कश्मीर के मूल निवासियों के अधिकारों को सुरक्षित किया गया है। नई मूल निवासी परिभाषा के अनुसार 15 वर्ष या अधिक समय तक जम्?मू-कश्?मीर में रहने वाले व्?यक्ति भी अब अधिवासी माने जाएंगे इससे कश्मीर की जनता सुरक्षित हुई है। कश्मीरी पंडितों की वापसी के लिए छः हज़ार आवासों का निर्माण हो गया है। जम्?मू-कश्?मीर से बाहर विवाह करने वाली लड़कियों और उनके बच्?चों के अधिकारों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया गया है। कश्मीर में पहली बार दस हज़ार रिक्त नौकरियों को सूचीबद्ध करके इन पर नियुक्तियों का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके दूसरे चरण में लगभग साढ़े बारह हज़ार नौकरियों हेतु भर्ती अभियान चलाया गया है। मोदी सरकार ने कश्मीर में हिमायत योजना से लगभग नब्बे हज़ार युवाओं को प्रशिक्षण दिया है। भाजपा की केंद्र सरकार ने पचास नये महाविद्यालय प्रारंभ किए हैं जिसमें लगभग सात हज़ार कश्मीरी छात्र नये कश्मीर का भाग्य रहे हैं। सात मेडिकल कॉलेज व पाँच नर्सिंग कॉलेज प्रारंभ किए गए हैं। आईआईटी जम्?मू को अपना कैंपस और एम्?स की भेंट मिली है। अटल टनल प्रारंभ होने के साथ साथ चिनाब पर विश्?व का सबसे ऊंचा 467 मीटर का पुल अब कश्मीर को वैश्विक नक्शे पर एक आतंकग्रस्त नहीं अपितु एक विकसित प्रदेश के रूप में दिखाता है। कश्मीर में आज ऐसी कई नई-नई योजनाएँ प्रारंभ हो रहीं हैं। एक समय था जब कश्मीर के जंगल उजाड़कर देश भर में बनने वाली पेंसिल की लकड़ी पुलवामा से जाती थी। आज मोदी सरकार की कल्पनाशीलता से पुलवामा का उक्खूँ गाँव देश भर की पेंसिल खपत की नब्बे प्रतिशत पेंसिल और बड़ी मात्रा में क्रिकेट बैट सप्लाई करके अपने उत्पाद का उच्चतम मूल्य प्राप्त कर रहा है और सबसे बड़ी इसके लिए वह अपने अमूल्य देवदार के वृक्षों को भी नहीं काटकर पर्यावरण सुरक्षा भी कर रहा है। पहले कश्मीर से पेंसिल की लकड़ी जाती थी, अब वैल्यू एडिशन के साथ पेंसिल जाती है और स्थानीय बहुमूल्य लकड़ी भी नहीं काटी जा रही है। कश्मीर में दस वर्षों बाद होने जा रहे विस चुनावो में भाजपा का स्पष्ट कहना है कि वह कश्मीर को रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों से मुक्ति दिलायेगी और कश्मीर की कश्मीरियत स्थापित रखेगी।

पत्नी का सिर धड़ से कर दिया अलग

देर रात उठकर पति ने कुल्हाड़ी से काट डाला, छत पर सो रहे थे दोनों

मीडिया ऑडीटर, सरगुजा एजेंसी। सरगुजा जिले के मैनपाट में युवक ने कुल्हाड़ी से वार कर पत्नी का सिर धड़ से अलग कर दिया। गुरुवार देर रात हाथी से बचने के लिए बनाए गए कैंप की छत पर महिला सो रही थी तभी पति ने हमला कर दिया। युवक की हरकत देखकर कैंप में सो रहे लोग भाग निकले।

घटना की सूचना पर कमलेश्वरपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। कमलेश्पुर थाना अंतर्गत की ये घटना है।

ग्राम उरंगा के पतरापारा निवासी धुनी बाई (34) बीती रात अपनी पांच वर्षीय बेटी के साथ गांव में एक पक्के मकान की छत पर बनाए गए अस्थाई कैंप में सोने गई थी। हाथी के हमले से बचने के लिए कैंप में करीब 10 लोग सो रहे थे। रात करीब दो बजे धुनी बाई का पति श्रीराम (36) कुल्हाड़ी लेकर पहुंचा और लोगों को धमकाने लगा।

कैंप के ग्रामीण भागे, पत्नी का गला काटा: श्रीराम की एक वर्ष पहले मानसिक स्थिति बिगड़ गई थी। वह दो दिनों तक कुल्हाड़ी लेकर लोगों को जान से मारने की धमकी दे रहा था। बाद में ठीक हो गया था। उसे हरकत देख कैंप में सो रहे महिलाएं और बच्चे मौके से भाग निकले।

धुनी बाई और उसकी बेटी ही कैंप में बचे थे। तभी श्रीराम ने धुनी बाई के गले पर कुल्हाड़ी से कई वार कर उसका सिर धड़ से अलग कर दिया।

हत्या के बाद लोगों को धमका रहा था: घटना के पहले ही उसकी पांच वर्षीय बेटी रोते हुए नीचे उतर गई थी। श्रीराम छत पर कुल्हाड़ी लेकर खड़ा था और लोगों को मार डालने की धमकी दे रहा था। इसकी सूचना कमलेश्वरपुर पुलिस को दी गई।

सूचना पर एएसआई सहदेव राम वर्मन की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

रात 11 बजे तक ठीक था युवक

ग्रामीणों ने बताया कि रात को गांव में ही एक बाइक का एक्सीडेंट हो गया था। घटनास्थल पर श्रीराम भी अन्य ग्रामीणों के साथ कुल्हाड़ी लेकर पहुंचा था। रात में वह ठीक था। श्रीराम और धुनी बाई के दो बच्चे हैं। बड़ा बेटा कक्षा चौथी का छात्र है। बेटी पांच वर्ष की है। घटना के बाद दोनों को रिश्तेदारों को सौंप दिया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी श्रीराम नशा नहीं करता था। करीब एक माह पूर्व एक्सीडेंट में बेटी का हाथ टूट गया था तो उसने अंबिकापुर ले जाकर बेटी का इलाज कराया था। इस दौरान अचानक उसकी मानसिक स्थिति खराब हो गई थी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

स्कूल-कॉलेज 70 दिन रहेंगे बंद

दशहरा-दीपावली पर 6-6 दिन का अवकाश घोषित, पर मिलेगी 8-8 दिन की छुट्टी

SCHOOL CLOSED

मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी। छत्तीसगढ़ में इस बार शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को त्योहार और शीतकाल के साथ ही ग्रीष्मकालीन छुट्टियां लंबी मिलने वाली हैं। शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 के लिए छुट्टियों की घोषणा कर दी है। इसके अनुसार, स्कूलों और बीएड-डीएड कॉलेजों में कुल 64 दिन छुट्टियां रहेंगी।

इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय ने शिक्षा विभाग को अवकाश घोषणा का पत्र भेज दिया है। आदेश के मुताबिक छुट्टियों की लिस्ट में पहले दशहरा अवकाश है, जिसमें 6 दिन छुट्टी है। इसके अलावा दीपावली और शीत कालीन अवकाश भी 6-6 दिन का होगा। वहीं ग्रीष्म कालीन अवकाश कुल 46 दिन का रखा गया है।

अब समझिए त्योहार और शीतकाल में कैसे मिलेगी 8-8 दिन की छुट्टी: दरअसल, शिक्षा विभाग ने दशहरा अवकाश 7 से 12 अक्टूबर तक घोषित किया है। 6 अक्टूबर और 13 अक्टूबर को रविवार है। ऐसे में दशहरा पर 8 दिन की छुट्टी मिलेगी। ऐसे ही दीपावली पर 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक छुट्टी घोषित है, लेकिन 27 अक्टूबर और 3 नवंबर को रविवार है। इसी तरह शीतकालीन अवकाश 23 दिसंबर से 28 दिसंबर तक घोषित किया गया है। 23 दिसंबर और 29 दिसंबर को रविवार होने के चलते 8 दिन की छुट्टी मिलेगी। वहीं ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई से 15 जून 2025 तक रहेगा।

नुआखाई पर भी सीएम ने घोषणा की थी: छत्तीसगढ़ में एक और शासकीय अवकाश की घोषणा सीएम साय ने कुछ दिन पहले की थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ऐलान किया कि अब नुआखाई (नवाखाई) पर्व के दिन अवकाश रहेगा। शासकीय छुट्टी के चलते सभी स्कूल, कॉलेज, बैंक और सरकारी दफ्तर बंद रहेंगे। हालांकि इस बार 8 सितंबर को नुआखाई मनाया गया जो रविवार को ही था।

लखपति दीदी ममता राय की प्रेरणादायक कहानी

मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र। एमसीबी जिले की ममता राय, जो पहले एक साधारण गृहिणी थी। आज लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल हो चुकी हैं। उनकी यह सफलता की यात्रा प्रगति महिला स्वसहायता समूह से जुड़ने के बाद शुरू हुई। समूह से जुड़कर ममता राय ने 60,000 रुपये का लोन लिया और अपने स्वंयम का किराना दुकान शुरू किया। सिर्फ किराना दुकान तक ही सीमित न रहते हुए, ममता राय ने समूह के साथ मिलकर अचार, आलू चिप्स और तिलौरी बनाने का काम भी शुरू किया। उनकी मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि आज उनकी महीने की आय 6 से 7 हजार रुपये के बीच होती है और उनकी सालाना आय 1 लाख रुपये से भी अधिक है। उन्होंने अपने गाँव की अन्य महिलाओं के उत्थान के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए । ग्राम पंचायत की महिलाओं और सभी समूहों की दीदियों के साथ मिलकर बीमा, आयुष्मान कार्ड बनवाने व शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करती हैं। ममता राय अपने समूह और गाँव की महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें उनके अधिकारों और लाभों के प्रति जागरूक कर रही हैं। उनके इस प्रयास से गांव की महिलाओं को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल रहा है और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। आज ममता राय न सिर्फ आर्थिक रूप से स्वतंत्र है बल्कि उन्होंने अपने परिवार और समाज में एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनका यह साहस और आत्मविश्वास दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। ममता राय का यह सफर उन सभी महिलाओं को प्रेरित करता है जो अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से अपनी पहचान बनाना चाहती है।

जादू-टोने के शक में परिवार के 4 लोगों की हत्या

भाई-बहनों सहित बच्चे का हथौड़े से कुचला सिर, दंपती सहित बेटे-बेटी गिरफ्तार

मीडिया ऑडीटर, बलौदाबाजार एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में जादू-टोने के शक में एक ही परिवार के 4 लोगों का हथौड़े से सिर कुचल दिया गया। मृतकों में दो बहनें, भाई और एक साल का एक बच्चा शामिल हैं। सभी के शव गुरुवार रात को एक मकान में मिले हैं। पुलिस ने गांव के ही एक अन्य परिवार के 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामला कसडोल थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, छरछेद गांव के एक घर में 4 लोगों की खून से लथपथ लाश मिली है। मरने वालों की पहचान चेतराम (40), जमुना बाई केवट (34), यशोदा बाई केवट (35) और एक साल के बच्चे के रूप में हुई है। उनके ऊपर पत्थर तोड़ने के हथौड़े और धारदार हथियार से वार किए गए।

पकड़े गए आरोपियों में दंपती और उनके बेटे-बेटी: पुलिस ने इस मामले में गुरुवार रात ही 3 आरोपियों को हिरासत में लिया था। उनसे पूछताछ के बाद पुलिस ने 2 अन्य आरोपियों को शुक्रवार दोपहर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में रामनाथ पाटले (60), उसकी पत्नी ललीता (55), बेटे दीपक पाटले, दिल पाटले और 22 साल की बेटी संजीता शामिल हैं।

टोनही के शक में हत्या की आशंका: बताया जा रहा है कि, आरोपी परिवार में एक बच्चे को भूत बाधा थी, इसके लिए चैतराम के परिवार को जिम्मेदार माना जा रहा था। आरोपी परिवार के सभी सदस्यों को मारना चाहते थे, लेकिन 2 लोगों के घर में नहीं होने से उनकी जान बच गई। फिलहाल मकान को सील कर दिया गया है।

बलौदाबाजार के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि, आरोपियों के साथ ही स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि, आरोपियों ने टोनही के शक में मर्डर किया है। फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है।

नाबालिग रेप पीड़िता बोली-वीडियो वायरल करने की धमकी मिली

पड़ोसी ने किया रेप, पत्नी ने भी दिया साथ, रोते हुए एसपी ऑफिस पहुंची

मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में पड़ोसी ने 15 साल की नाबालिग लड़की से रेप की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पुलिस ने शिकायत के 15 दिन बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की। इसके बाद परेशान होकर पीड़िता रोते हुए एसपी कार्यालय पहुंची।

मामला सिविल लाइन इलाके का है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी के फोन से अश्लील वीडियो डिलीट करने पर मारपीट भी की। परिजनों ने जब चोट देखकर पूछा तो लड़की ने आप बीती बताई। पीड़िता का कहना है आरोपी की पत्नी ने भी अपने पति का साथ दिया है।

एसपी रजनेश से शिकायत के बाद एफआईआर: लड़की की बात सुनकर परिजन उसे लेकर परिजन तत्काल थाने पहुंचे, लेकिन केस दर्ज नहीं हुआ। पीड़िता के मुताबिक, पुलिस ने कहा कि आरोपी के पकड़े जाने के बाद मामला दर्ज करेंगे। यह कहकर नाबालिग और उसकी मां को थाने से भगा दिया।

रेप पीड़िता 15 दिन तक थाने का चक्कर काटते रही। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। नाबालिग की मां ने बताया कि गुरुवार को एसपी रजनेश सिंह से शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज की गई है।

परीक्षा में हुई फेल, डर के कारण पढ़ाई भी छोड़ दी: नाबालिग ने बताया कि आरोपी आए दिन मारपीट करता था। अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आए दिन मिलने के लिए दबाव बनाता था। इसके कारण वह अपनी पढ़ाई में फोकस नहीं कर पाई और परीक्षा में फेल हो गई। प्रताड़ना से डर कर उसने पढ़ाई भी छोड़ दी।

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया: मामले में सिविल लाइन टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि लड़की की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस जल्द मामले को लेकर खुलासा करेगी।

रेलवे-ट्रैक पर मिली यूपी के युवक की लाश

फैक्ट्री में आपरेटर का करता था काम, शरीर पर मिले चोट के निशान

मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में रेलवे ट्रैक के किनारे उत्तर प्रदेश के युवक की लाश मिली है। वह फैक्ट्री में ऑपरेटर का काम करता था। शरीर में कई जगह चोट के निशान मिले हैं, जिससे हत्या कर शव को ठिकाने लगाने की आशंका है। घटना सिरगिट्टी थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के मुताबिक युवक की पहचान फर्रुखाबाद के बिहार गांव के सुल्तान नगर में रहने वाला संजय सिंह (32) के रूप में की गई है। सिरगिट्टी इंड्रस्ट्रीयल क्षेत्र स्थित पुष्पा इंड्रस्ट्रीज में काम करते था। साथ ही सिरगिट्टी में ही फैक्ट्री के पास रहता था।

रेलवे ट्रैक के पास फोन पर कर रहा था बातचीत: बताया जा रहा है कि बुधवार की रात करीब 8 बजे वह अपने दोस्त के साथ रेलवे ट्रैक के पास टहलते हुए मोबाइल पर बात कर रहा था। इस दौरान उसका दोस्त अपने घर चला गया, लेकिन संजय पूरी रात अपने कमरे में नहीं लौटा। रात में उसके दोस्त ने तलाश की, लेकिन कहीं नहीं मिला।

सुबह रेलवे ट्रैक के पास मिली खून से लथपथ लाश: संजय के दोस्त ने बताया कि उसे सुबह पता चला कि रेलवे ट्रैक के पास एक युवक की लाश मिली है। जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुंचा। संजय के सिर सहित अन्य जगहों पर कई गंभीर चोट के निशान थे। शव मिलने की सूचना पर पुलिस और परिवारस्रू की टीम मौके पर पहुंची। फैक्ट्री के अन्य कर्मचारी भी वहां पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था।

पीएम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज: इधर, सिरगिट्टी पुलिस का कहना है कि युवक की खून से लथपथ लाश रेलवे ट्रैक के पास मिली है। शव का शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट से ही उसके मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

बारहमासी सब्जी के व्यापारी बने राजकुमार, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया कदम’

मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र। राजकुमार पिता अमीरसाय ग्राम पंचायत बरदर के निवासी हैं, कृषक राजकुमार का जीवनोपार्जन का माध्यम कृषि पर आधारित था। राजकुमार पेशे से लघु कृषक है, वह वर्षा की पानी के भरोसे धान की खेती करता था, परन्तु कुछ वर्षो से बारिश की अनियमितता होने के कारण कृषि कार्य हेतु सिंचाई सुविधा ना होने के कारण दूर से पानी लाना पड़ता था। जिससे उसे अधिक परिश्रम एवं अधिक पैसा खर्च करना पड़ता था और उत्पादन भी अपेक्षाकृत कम होता था एवं वर्ष में केवल एक ही फसल (खरीफ) ले पाता था। राजकुमार अन्य ग्रामीण कृषकों की तरह खेती के लिए वर्षा के जल पर ही निर्भर था और वर्षा पर्याप्त नहीं होने पर परिवार को गांव के ही अन्य जगह मे मजदूरी करनी पड़ती थी। हमेशा से ही उसके स्वयं के खेत में सिंचाई सुविधा की कमी होती थी और वह हमेशा से चाहते थे की उनके खेत या खेत के आसपास सिचाई सुविधा उपलब्ध हो जाये। जिससे अल्पवर्षा के समय कृषि हेतु सिंचाई सुविधा मिल सके तथा पैदावार अधिक हो सके।

राजकुमार ने इस सपना को पूरा करने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अधिनियम के तहत निजी डबरी निर्माण हेतु ग्राम पंचायत में अर्जी दी। इसके लिए ग्राम पंचायत में ग्राम सभा में राजकुमार के निजी भूमि में डबरी निर्माण का प्रस्ताव किया गया। तत्पश्चात जिला पंचायत द्वारा मनरेगा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-2024 को 2 लाख 25 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी। डबरी निर्माण का लाभ प्राप्त किया। इस निर्माण ने उनके परिवार के जीवन में एक नई उम्मीद की किरण जगाई है।

डबरी निर्माण के पश्चात् इस बरसात में सिंचाई हेतु पानी की उपलब्धता होने से अब रामकुमार खुशहाल किसान कहलाने लगे हैं। रामकुमार बताते है कि खेत में निजी डबरी निर्माण होने के पश्चात खरीफ सीजन में धान फसल की बहुत अच्छी पैदावार होने लगी है।

देशी शराब की शीशी में मिला कीड़ा

ग्राहक बोला- पीने से जा सकती थी जान, पहले भी आ चुके हैं कई मामले

मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेसी। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में देशी शराब की शीशी में कीड़ा मिला है। ग्राहक ने शीशी में कीड़ा मिलने की बात सेल्समैन से कही तो तत्काल उसने दूसरी शीशी दे दी। इस दौरान शराब ग्राहक ने कहा कि इसे पीकर जान भी जा सकती थी। मामला भीमकुमार मिड्डमुड़ा पुराना बस स्टैंड के शराब दुकान का है।

शराब ग्राहक ने बताया कि इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन आबकारी विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। कभी छिपकली तो कभी कीड़े निकल रहे हैं। इस लापरवाही पर कार्रवाई भी नहीं की जा रही है।

जहरीला कीड़ा भी हो सकता है: शंकर से जब हमने चर्चा किया, तो उसने बताया कि यह काफी गलत बात है कि शराब की शीशी में कीड़ा मिल रहा है। कोई जहरीला कीड़ा भी हो सकता है और अगर इसे कोई नजरअंदाज करता है तो उसकी जान भी जा सकती है। उनका कहना है कि पहले भी शराब की शीशी में कीड़ा, छिपकली का हड्डी निकलने का मामला सूनने को मिला है।

एईडीओ बोले- पता करवाता हूं: इस संबंध में जब आबकारी एईडीओ विमल तिर्की से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आपने बताया है तो जानकारी मिली है। मैं उस क्षेत्र के दरोगा से बात कर लेता हूं और जैसा भी होगा उसे देखवता हूं। शीशी धूली थी या ढक्कन खुला था इन सब को लेकर पता करवा लेता हूं।

महिला से 88 लाख की साइबर ठगी

ट्रस्ट के अकाउंट में डलवाए रुपए, 2 गिरफ्तार, एक पहले चेन्नई से पकड़ाया था

मीडिया ऑडीटर, रायपुर निप्र। रायपुर में एक महिला से शेयर ट्रेडिंग के बहाने मुनाफा कमाने का झांसा देकर 88 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। साइबर थाने में एफआईआर दर्ज होने के बाद इस मामले में पुलिस में एक आरोपी को चेन्नई से पकड़ा था। जिस अकाउंट में फ्रॉड के रुपए के थे वो ट्रस्ट के नाम पर खोला गया अकाउंट था। पुलिस ने इस मामले में 2 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

रायपुर में रश्मि नाम की महिला ने ठगी की शिकायत दी थी। जिसके बाद पुलिस ने महिला से मिले खातों की जानकारी, आईपी एड्रेस, फोन नंबर को जांचना शुरू किया। पुलिस को पी हरिकिशोर सिंह नाम के एक 44 साल के आदमी का पता चला। इसकी लोकेशन ट्रेस करते हुए पुलिस पल्लवरम चेन्नई पहुंच गई। वहां इसे पकड़ लिया गया।

सिम कार्ड अरेंज करने में फंसा: जांच में पता चला कि हरिकिशोर सिंह सिम कार्ड और खाते अरेंज करता था। फिर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जाकर अपने साथियों के साथ मिलकर इस तरह की ठगी को अंजाम दिया करता था। पता चला कि इस आरोपी के खिलाफ कर्नाटक के बेंगलुरु में भी एफआईआर दर्ज है।आरोपी हरि किशोर सिंह को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

पैसे ट्रस्ट के बैंक खातों में डाला: इस मामले में हरि किशोरसिंह से पूछताछ के बाद पुलिस ने मोबाइल नंबर के ट्रांजैक्शन और आईपी की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने जौनपुर उत्तर प्रदेश के निवासी पंकज दुबे और निखिल शुक्ला को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने जिन बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर किए है, वह ट्रस्ट के नाम से खोले गए हैं।

खाली कार्टून एवं शीशी विक्रय हेतु संक्षिप्त निविदा

मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र। कार्यालय छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा एमसीबी जिले से नियंत्रित 4 देशी, 5 देशी कम्पोजिट एवं 09 विदेशी मदिरा दुकानों में वित्तीय वर्ष 2024-25 अर्थात 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 की अवधि में संग्रहित खाली कार्टून (पुट्ठा) एवं खाली शीशियों का विक्रय किया जाना है।

खाली कार्टून का प्रति किलोग्राम की दर से एवं खाली शीशियों का प्रति नग की दर से इच्छुक निविदाकारों से बंद लिफाफा में निविदाएं (तकनीकी बिड, प्राईज बिड पृथक-पृथक) 18 सितंबर 2024 को दोपहर 03:00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला एमसीबी में आमंत्रित की जाती है।

बंद लिफाफा में प्राप्त निविदाएं निविदाकारों की उपस्थित में 18 सितंबर 2024 को सायं 04:00 बजे समिति द्वारा खोली जायेगी।

निविदा की शर्तों, नियम, निविदा प्रपत्र तथा मदिरा दुकानों की अवस्थिति आदि की विस्तृत जानकारी अवकाश के दिवसों को छोड़कर निविदा प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि के एक दिवस पूर्व तक कार्यालयीन समय पर कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड जिला एमसीबी से 500 रूपये के बैंक ड्राफ्ट (जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. जिला एमसीबी के पक्ष में) जमा कर प्राप्त की जा सकेगी।

कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ हत्या के आरोप तय

नई दिल्ली (एजेंसी)। 1984 के सिख दंगा मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ दिल्ली की अदालत ने आरोप तय कर दिए हैं। कोर्ट ने टाइटलर के खिलाफ हत्या, गैरकानूनी ढंग से एकत्र होना, दंगा करना, दंगा भड़काना, अलग-अलग गुटों को एक दूसरे के खिलाफ भड़काना, घरों में जबरन घुसना और चोरी के आरोप तय किए हैं। स्पेशल जज राकेश सियाल ने कहा है कि टाइटलर ने सीबीआई के आरोपों पर कहा था कि वे दोषी नहीं हैं। इसलिए अब टाइटलर के खिलाफ इन आरोपों के हिसाब से ही केस चलेगा। मामले की अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को होगी। अदालत ने 30 अगस्त को हुई पिछली सुनवाई में कहा था कि टाइटलर के खिलाफ हत्या का केस चलाने के पर्याप्त सबूत हैं। सीबीआई ने मामले में टाइटलर के खिलाफ 20 मई 2023 को चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें कहा था कि टाइटलर ने भीड़ को उकसाया। इसके बाद गुरुद्वारे में आग लगाई। इस हिंसा में ठाकुर सिंह, बादल सिंह और गुरुचरण सिंह मारे गए थे। चार्जशीट के मुताबिक, एक गवाह ने आरोप लगाया था कि जगदीश टाइटलर 1 नवंबर 1984 को गुरुद्वारा पुल बंगश के सामने एक एंबेसडर कार से बाहर निकले। इसके बाद उन्होंने भीड़ को उकसाते हुए कहा था- सिखों को मारो, उन्होंने हमारी मां को मारा है।

दिल्ली के पॉश इलाके में जिम मालिक की हत्या

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के सबसे पॉश इलाकों में एक ग्रेटर कैलाश इलाके में गुरुवार (12 सितंबर) रात एक जिम मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना रात करीब 10ः45 बजे हुई। शूटर ने जिम मालिक को करीब 6-8 गोलियां मारीं। उसे मैक्स अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान 35 साल के नादिर शाह के रूप में हुई। वह सीआर पार्क का रहने वाला था और पार्टनरशिप पर जिम चलाता था। उसके खिलाफ डकैती समेत चार मामलों में केस दर्ज हैं। लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गैंगस्टर रोहित गोदारा ने उसकी हत्या की जिम्मेदारी ली है। नादिर जेल में बंद गैंगस्टर रोहित चौधरी के गैंग से जुड़ा बताया जाता था। रोहित चौधरी गैंग और लॉरेंश विश्नोई गैंग एक दूसरे के विरोध माने जाते हैं।

नहीं रहे भारतीय मूल के दक्षिण अफ्रीकी नेता प्रवीण गोरधन, कैंसर से थे पीड़ित

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय मूल के दक्षिण अफ्रीकी नेता और रंगभेद-विरोधी कार्यकर्ता प्रवीण गोरधन का शुक्रवार को एक अस्पताल में निधन हो गया। गोरधन (75) कैंसर से पीड़ित थे और उनके परिवार ने इस दुखद खबर की पुष्टि की है। प्रवीण गोरधन 1994 में दक्षिण अफ्रीका के लोकतंत्र की ओर बढ़ने के समय से राजनीति में सक्रिय थे। चार महीने पहले उन्होंने अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की थी। उनके परिवार ने बताया कि शुक्रवार को अस्पताल में कैंसर से लड़ते हुए उनका निधन हो गया। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने गोरधन की सराहना करते हुए उन्हें एक महान राजनीतिज्ञ और भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष के प्रेरक बताया।

राजा भोज की स्मृति में होगा भोज महोत्सव-मुख्यमंत्री

भोपाल (एजेंसी)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोक कल्याण, अभियांत्रिकी, लेखन और शौर्य के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले राजा भोज के कृतित्व और व्यक्तित्व से जनसामान्य को परिचित करवाया जाएगा। राजा भोज की स्मृति में भोपाल में तीन दिवसीय भोज देव महोत्सव भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज इस महोत्सव की रूपरेखा के संबंध में मंत्रीगण की उपस्थिति में संस्कृति और अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदर्शनी, फिल्म प्रदर्शन, नाट्य मंचन, संगीत कार्यक्रमों और पुस्तकों के प्रदर्शन के माध्यम से राजा भोज का योगदान प्रदर्शित किया जाए। धार से लेकर भोपाल और अन्य क्षेत्रों में राजा भोज द्वारा सरोवर निर्माण एवं बांध निर्माण के लोकोपयोगी कार्य किए गए। उन्होंने लगभग सवा सौ कृतियां भी लिखी हैं। राजा भोज के हस्तलिखित पत्र और अन्य संग्रहित वस्तुओं को भी जनसामान्य के सामने लाया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजा भोज के कार्यों पर फैलोशिप प्रदान करने और अनुसंधान कार्य को प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजा भोज की पहचान भोपाल से जुड़ी है। उनके नाम से भोपाल नगर सीमा पर एक या एकाधिक राजा भोज द्वार भी निर्मित किए जाएं। बैठक में उप मुख्यमंत्री डॉ. जगदीश देवड़ा, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव संस्कृति श्री शिवशेखर शुक्ला और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

सरकार ने पोर्ट ब्लेयर का नाम श्री विजयपुरम किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकार ने शुक्रवार को केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार आइलैंड की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम कर दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी दी। शाह ने कहा- देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प से प्रेरित होकर आज गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम 'श्री विजयपुरम' करने का निर्णय लिया है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 23 जनवरी 2023 को नेताजी की 126वीं बर्थ एनिवर्सरी पर अंडमान और निकोबार आइलैंड के 21 द्वीपों का नाम परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर करने का फैसला लिया था। 28 दिसंबर 2018 में अंडमान-निकोबार के हैवलॉक द्वीप, नील द्वीप और रॉस द्वीप के नाम बदले थे। हैवलॉक द्वीप को स्वराज द्वीप, नील द्वीप को शहीद द्वीप और रॉस द्वीप को नेताजी सुभाष चंद्र द्वीप नाम दिया गया। शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा... देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प से प्रेरित होकर आज गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम 'श्री विजयपुरम' करने का निर्णय लिया है। 'श्री विजयपुरम' नाम हमारे स्वाधीनता के संघर्ष और इसमें अंडमान और निकोबार के योगदान को दर्शाता है। इस द्वीप का हमारे देश की स्वाधीनता और इतिहास में अद्वितीय स्थान रहा है।

कोलकाता रेप-मर्डर, जूनियर डॉक्टरों ने राष्ट्रपति-पीएम को चिट्ठी लिखी

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 8 अगस्त को हुए ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर के खिलाफ जूनियर डॉक्टरों का प्रदर्शन 35वें दिन भी जारी है। डॉक्टरों और बंगाल सरकार के बीच प्रदर्शन खत्म करने पर सहमति नहीं बन पा रही है। अब डॉक्टरों ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मामले में दखल देने की मांग है। उन्होंने गुरुवार (12 सितंबर) की रात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी को लेटर भेजा। उन्होंने लिखा- आपका दखल हमें चारों ओर से घिरे अंधेरे से बाहर निकलने का रास्ता दिखाएगा। देश के प्रमुख होने के नाते आपके सामने हम अपने मुद्दों को रख रहे हैं, ताकि हमारी बदकिस्मत साथी जो सबसे घृणित अपराध का शिकार हुई, उसे न्याय मिल सके और पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग के तहत हम स्वास्थ्य पेशेवर डर और आशंका के बिना जनता के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने में सक्षम हो सकें। इस मुश्किल समय में आपका हस्तक्षेप हम सभी के लिए प्रकाश की किरण के रूप में काम करेगा, जो हमें चारों ओर से घिरे अंधेरे से बाहर निकलने का रास्ता दिखाएगा। ममता सरकार और डॉक्टरों के बीच 12 सितंबर को तीसरी बार चर्चा नहीं हो सकी।

सुप्रीम कोर्ट बोला- बुलडोजर एक्शन कानूनों पर बुलडोजर चलाने जैसा

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार (12 सितंबर) को कहा कि बुलडोजर एक्शन देश के कानूनों पर बुलडोजर चलाने जैसा है। किसी के अपराध में शामिल होने का आरोप उसकी संपत्ति ध्वस्त करने का आधार नहीं हो सकता। कोर्ट ने गुजरात सरकार से 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। जस्टिस ऋषिकेश रॉय, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने एक घर गिराने से जुड़ी याचिका पर सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। सितंबर में यह दूसरा मौका है, जब स्ष्ट ने बुलडोजर एक्शन पर नाराजगी जाहिर की है। इससे पहले 2 सितंबर को कोर्ट ने कहा था कि किसी केस में व्यक्ति दोषी भी हो, तब भी ऐसी कार्रवाई नहीं की जा सकती है। गुजरात के खेड़ा नगर पालिका ने दी थी बुलडोजर एक्शन की धमकी दरअसल, गुजरात में नगरपालिका की तरफ से एक परिवार को बुलडोजर एक्शन की धमकी दी गई थी। याचिकाकर्ता गुजरात के खेड़ा जिले के कठलाल में एक जमीन का सह-मालिक है। उनके खिलाफ 1 सितंबर 2024 को एक मामले में स्न्ढ्ढक्र दर्ज की गई थी। याचिकाकर्ता के अनुसार, एफआईआर दर्ज होने के बाद नगर निगम के अधिकारियों ने उसके घर पर बुलडोजर चलाने की धमकी दी। उसने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि आरोपी के परिवार की तीन पीढ़ियां लगभग दो दशकों से उस घर में रह रही हैं।

केजरीवाल 177 दिन बाद जेल से बाहर

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार (13 सितंबर) शाम करीब 6.15 बजे तिहाड़ जेल से बाहर आ गए। वे 177 दिन बाद जेल से निकले। इससे पहले आज सुबह सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई केस में केजरीवाल को जमानत दी थी। अदालत ने जमानत के लिए वही शर्तें लगाई हैं, जो ईडी केस में बेल देते वक्त लगाई गई थीं। मैं सही था, इसलिए भगवान ने मेरा साथ दिया। जेल से बाहर आकर मेरी ताकत 100 गुना बढ़ गई है। केजरीवाल के खिलाफ 2 जांच एजेंसी ने केस दर्ज किया है। ईडी मामले में उन्हें सुप्रीम कोर्ट से 12 जुलाई को जमानत मिली थी। आप ने इस फैसले को सत्य की जीत बताया है। शराब नीति केस में एन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने उन्हें 21 मार्च को अरेस्ट किया था। बाद में 26 जून को सीबीआई ने उन्हें जेल से हिरासत में लिया था। दो जजों की बेंच जमानत पर एकमत, लेकिन गिरफ्तारी पर अलग राय जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच ने सीबीआई की गिरफ्तारी को नियमों के तहत बताया। अदालत ने कहा ईडी मामले में जमानत मिलने के बावजूद केजरीवाल को जेल में रखना न्याय का मजाक उड़ाना होगा। गिरफ्तारी की ताकत का इस्तेमाल बहुत सोच समझकर किया जाना चाहिए।

1. अगर कोई व्यक्ति पहले से हिरासत में है। जांच के सिलसिले में उसे दोबारा अरेस्ट करना गलत नहीं है। सीबीआई ने बताया है कि उनकी जांच क्यों जरूरी थी।

2. याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी अवैध नहीं है। सीबीआई ने नियमों का कोई उल्लंघन नहीं किया है। उन्हें जांच की जरूरत थी। इसलिए इस केस में अरेस्टिंग हुई।

शराब नीति केस- केजरीवाल 156 दिन जेल में बिता चुके केजरीवाल को श्वष्ठ ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। 10 दिन की पूछताछ के बाद 1 अप्रैल को तिहाड़ जेल भेजा गया। 10 मई को 21 दिन के लिए लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए रिहा किया गया। ये रिहाई 51 दिन जेल में रहने के बाद मिली थी। 2 जून को केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में सरेंडर कर दिया।

हेलीकॉप्टर क्रैश, सभी की मौत- केवल एक यात्री चमत्कारिक रूप से जिंदा बच निकला

नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्राजील में एक हेलीकॉप्टर क्रैश की घटना सामने आई है, जिसमें एक शख्स चमत्कारिक रूप से बच गया, जबकि हेलीकॉप्टर पूरी तरह से जलकर राख हो गया। यह घटना सोमवार को कारुआरू में हुई, जब तीन लोग हेलीकॉप्टर में सवार होकर उड़ान भर रहे थे। उड़ान के दौरान अचानक हेलीकॉप्टर में आग लग गई और वह तेजी से नीचे की ओर गिरने लगा। हेलीकॉप्टर गिरने से पहले ही उसमें आग भड़क गई थी, और जब वह जमीन पर टकराया तो आग और भीषण हो गई। हालांकि, इस दुर्घटना में 41 वर्षीय यात्री कुन्हा डॉस सैंटोस चमत्कारिक रूप से बच गए। हेलीकॉप्टर गिरते समय वह झाड़ियों में गिरे, और लोगों ने उन्हें बिना जले हुए कपड़ों के चलते हुए पाया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें गंभीर स्थिति में वेंटिलेटर पर रखा गया है। दुर्घटना में दो पायलटों की जान चली गई। प्राथमिक जांच में पता चला है कि हेलीकॉप्टर उड़ान के लिए प्रतिबंधित था, क्योंकि हाल ही में उसकी सर्विसिंग की गई थी। अब यह जांच की जा रही है कि उड़ान पर रोक के बावजूद हेलीकॉप्टर ने कैसे उड़ान भरी, और उसे उड़ान भरने की अनुमति कैसे मिली।

मणिपुर के 5 जिलों में ब्रॉडबैंड इंटरनेट से बैन हटा

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर सरकार ने शुक्रवार को पांच जिलों में ब्रॉडबैंड इंटरनेट सर्विस पर लगे बैन को हटा दिया। हालांकि मोबाइल इंटरनेट पर लगा प्रतिबंध 15 सितंबर तक जारी रहेगा। मणिपुर में अचानक बढ़ी हिंसक घटनाओं के बाद राज्य सरकार ने 10 सितंबर को 5 दिन के लिए इंटरनेट पर बैन लगाया था। सितंबर महीने की शुरुआत में कुकी उग्रवादियों ने मैतेई इलाकों में ड्रोन और रॉकेट से हमला किया था। इसमें 2 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 10 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इसके बाद राजधानी इंफाल में मैतेई समुह के छात्रों ने प्रदर्शन किया था। छात्रों ने राजभवन पर पत्थरबाजी की थी। पुलिस ने भी आंसू गैस के गोले छोड़े थे। उन्होंने सेंट्रल फोर्सेस पर चुप्पी साधने का आरोप लगाते हुए उनसे राज्य छोड़कर जाने की मांग की। साथ ही राज्य में यूनिफाइड कमांड की कमान मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को दी जाए। यानी, सेंट्रल और स्टेट फोर्स की कमान केंद्र की बजाय मुख्यमंत्री के पास हो। ये लोग डीजीपी और सिक्योरिटी एडवाइजर को हटाने की भी मांग कर रहे हैं। 1 सितंबर- पहली बार ड्रोन से हमला ः एक सितंबर को राज्य में पहली बार ड्रोन हमला देखने को मिला। इम्फाल वेस्ट जिले के कोत्रुक गांव में उग्रवादियों ने पहाड़ी के ऊपरी इलाके से कोत्रुक और कडांगबांड घाटी के निचले इलाकों में फायरिंग की और ड्रोन से हमला किया। इसमें 2 लोगों की मौत और 9 घायल हुए।

जेल वाला सीएम अब बेल वाला हो गया, केजरीवाल को पद से तुरंत इस्तीफा देना चाहिए ः भाजपा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए, क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने उन्हें केवल सशर्त जमानत दी है और वह आबकारी नीति 'घोटाले% से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी बने रहेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, ''जेल वाला सीएम अब बेल वाला हो गया है, क्योंकि उन्हें सशर्त जमानत मिली है और वह भी 10 लाख रुपये का मुचलका भरकर। उन्हें राहत नहीं मिली है, ना ही वह आरोप मुक्त हुए हैं। इसका मतलब है कि मामले में आधार, साक्ष्य और प्रमाण हैं। इसीलिए प्रथम दृष्टया मुकदमा चलना चाहिए। उन्होंने कहा, ''उच्चतम न्यायालय ने 'कट्टर बेईमान% अरविंद केजरीवाल को जमानत देते हुए आईना दिखाया है। केजरीवाल को तुरंत पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा की यह प्रतिक्रिया कथित दिल्ली आबकारी घोटाला को लेकर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज मामले में केजरीवाल को शीर्ष अदालत द्वारा जमानत दिए जाने के बाद आई है।

केजरीवाल एक नाम नहीं बल्कि ईमानदार राजनीति का ब्रांड हैं, सुप्रीम कोर्ट के फैसले का राघव ने किया स्वागत

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए उन्हें ईमानदार राजनीति का प्रतीक बताया, जिन्हें अपनी बढ़ती लोकप्रियता के कारण जेल जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि आप और केजरीवाल आगामी हरियाणा चुनाव में पार्टी के अभियान का नेतृत्व करेंगे। राघव चड्ढा ने कहा, मैं सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करता हूं। वह (अरविंद केजरीवाल) सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि ईमानदार राजनीति का ब्रांड हैं। उनकी बढ़ती लोकप्रियता के कारण उन्हें 6 महीने के लिए जेल जाना पड़ा। आप को और मजबूती मिलेगी... मैं फैसले का स्वागत करता हूं। अरविंद केजरीवाल का स्वागत है। हम सुप्रीम कोर्ट के अंतिम आदेश को पढ़ने के बाद आगे की रणनीति बनाएंगे ताकि यह समझ सकें कि किन शर्तों के तहत जमानत दी गई है। दिल्ली और देश में खुशी की लहर है। अरविंद केजरीवाल अब आगामी हरियाणा चुनाव में आप के लिए प्रचार अभियान का नेतृत्व करेंगे। पंजाब के मंत्री ब्रह्मशंकर शर्मा-जिम्पा ने कहा कि इस फैसले के बाद हरियाणा के कार्यकर्ताओं में विधानसभा चुनाव से पहले उत्साह है। उन्होंने कहा, सत्यमेव जयते। गुजरात चुनाव के बाद जब उन्हें (भाजपा को) लगा कि उनके पैरों के नीचे की जमीन हिल रही है, तो वे चिंतित हो गए और फिर उन्होंने किसी तरह पार्टी को तोड़ने का फैसला किया।

हरियाणा में अब तक 90 सीटों पर कहां-कौन प्रत्याशी आमने-सामने

हरियाणा (एजेंसी)। हरियाणा चुनाव के लिए नामांकन 12 सितंबर को खत्म हो चुका है। 90 विधानसभा सीटों के लिए 1715 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है। आज नामांकन पत्रों की जांच होगी। 16 सितंबर तक उम्मीदवार नामांकन वापस ले सकते हैं। 5 अक्टूबर को वोटिंग होगी और 8 अक्टूबर को रिजल्ट आएगा। राज्य में पहली बार 5 पार्टियां चुनाव लड़ रही हैं। इनमें कांग्रेस, भाजपा, जननायक जनता पार्टी , इंडियन नेशनल लोकदल और आम आदमी पार्टी शामिल हैं। इनमें जेजेपी आजाद समाज पार्टी और बसपा बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है।

वहीं कांग्रेस ने इंडिया अलायंस के तहत एक सीट सीपीआई को दी है। इस चुनाव के बड़े चेहरों में रेसलर विनेश फोगाट, कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान दीपक हुड्डा, देश की सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल, केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव, पूर्व सीएम चौधरी भजनलाल के बड़े बेटे चंद्रमोहन और पोता भव्य बिश्नोई शामिल हैं।

विनेश फोगाट
कविता दलाल
दीपक हुड्डा

दलीप ट्रॉपी में रियान पराग का कमाल, रेड बॉल क्रिकेट में लगाए लंबे लंबे शॉट

नई दिल्ली (एजेंसी)। दलीप ट्रॉफी का दूसरा राउंड शुरू हो गया है। तीसरे मैच में इंडिया ए का सामना इंडिया बी से हो रहा है। जिसमें इंडिया ए के बल्लेबाज रियान पराग ने बल्लेबाजी के दौरान अपने शॉर्ट्स से सबका दिल जीत लिया। उन्होंने इंडिया डी के गेंदबाज विद्वाथ कवरप्पा की ओवरपिच गेंद पर जोरदार छक्का जड़ा है। रियान पराग का ये शॉट सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। ये मैच अनंतपुर के रूरल डेवलपमेंट ट्रस्ट स्टेडियम में खेला जा रहा है। 12वें ओवर में विद्वाथ कवरप्पा ने रियान पराग को ओवरपिच गेंद फेंकी। रियान ने इस गेंद को बड़े छक्के में तब्दील कर दिया। जो सीधा स्टेडियम के बाहर चला गया। ये 12वें ओवर में आया मैच का पहला छक्का था। इंडिया ए के 10वें ओवर में दोनों ओपनर आउट होने के बाद रियान पराग ने क्रीज संभाली। पराग ने आते ही आक्रामक खेल दिखाया और 29 गेंदों में 37 रन बनाए। जिसमें एक छक्का और पांच चौके शामिल थे। उनकी पारी का अंत तब हुआ जब देवदत्त पडिक्कल ने अर्शदीप सिंह की गेंद पर स्लिप में आसान कैच लपका। इंडिया डी से टॉस हारने के बाद इंडिया ए को बल्लेबाजी का मौका मिला। टीम को शुरुआत से ही संघर्ष करना पड़ा। दोनों ओपनर 7-7 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद न तो तिलक वर्मा और न ही शाश्वत रावत परफॉर्म कर पाए। खबर लिखे जाने तक इंडिया ए की तरफ से कोई भी 40 रन नहीं बना पाया है। अब तक इंडिया ए 39.2 ओवर में 6 विकेट खोकर 144 रन ही बना पाई है।

नवदीप सिंह के सामने जमीन पर बैठे पीएम मोदी, गोल्ड मेडलिस्ट ने पहनाई कैप

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय पैरा एथलीट्स नवदीप सिंह ने पेरिस पैरालंपिक गेम्स 2024 में जैवलिन थ्रो इवेंट में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीता और देश का नाम रोशन किया। 23 साल के नवदीप सिंह ने पैरालंपिक गेम्स के जैवलिन थ्रो इवेंट में भारत के लिए पहली बार गोल्ड मेडल जीतने का कमाल किया और ये उनका किसी पैरालंपिक गेम्स में भी पहला व्यक्तिगत गोल्ड मेडल भी रहा। नवदीप सिंह की इस उपलब्धि के बाद भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने उनसे मुलाकात की। पीएम मोदी और नवदीप सिंह की मुलाकात का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें साफ दिख रहा है कि पीएम मोदी कितने सरल तरीके से उनसे बातें कर रहे हैं। इस दौरान पीएम ने नवदीप सिंह की इच्छा पूरी भी की। पीएम मोदी और नवदीप सिंह का जो वीडियो सामने आया है। उसमें भारतीय पैरा एथलीट उनसे कहते हैं कि सर, मैं आपको कैप पहनाना चाहता हूं। इसके बाद पीएम मोदी कहते हैं कि तुमने अपना वीडियो देखा है। क्या लोग कह रहे हैं, सब लोग डरते हैं। इस पर नवदीप कहते हैं कि जोश जोश में थोड़ा सा। इसके बाद पीएम मोदी कहते हैं कि मुझे कैप पहनाना चाहोगे, मैं यहां बैठता हूं, तुम पहनाओ। इसके बाद पीएम नीचे बैठ जाते हैं। फिर नवदीप पीएम मोदी को कैप पहनाते हैं और उसके बाद पीएम मोदी उनसे हाथ मिलाते हुए कहते हैं, वाह लग रहा है ना कि तुम बड़े हो। फिर दोनों खूब हंसते हैं।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने रचा इतिहास

नई दिल्ली (एजेंसी)। अपने करियर की शुरुआत से ही क्रिस्टियानो रोनाल्डो खेल के मैदान के अंदर और बाहर रिकॉर्ड तोड़ते रहे है। पुर्तगाल के इस स्टार प्लेयर की एक बार फिर से चर्चा हो रही है क्योंकि उन्होंने एक धांसू रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। सोशल मीडिया पर उन्होंने एक बार फिर से इतिहास रच दिया है। सोशल मीडिया के चैनलों पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के एक अरब फॉलोअर्स हो गए है। ये उपलब्धि हासिल करने वाले वो पहले व्यक्ति है। रोनाल्डो इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले व्यक्ति हैं और हाल ही में उन्होंने अपना यूट्यूब चैनल %यूआर. क्रिस्टियानो% शुरू किया है। चैनल ने एक सप्ताह के अंदर 50 मिलियन फोलोअर्स बनाए है। चैनल को एक मिलियन फोलोअर्स का आंकड़ा छूने में केवल 90 मिनट लगे। अल नस्सर स्टार ने सोशल मीडिया पर इस खबर की घोषणा की। एक्स पर उन्होंने लिखा, हमने इतिहास रच दिया है - 1 बिलियन फॉलोअर्स! यह सिर्फ एक संख्या नहीं है - यह खेल और उससे परे हमारे साझा जुनून, प्रेरणा और प्यार का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सड़कों से लेकर दुनिया के सबसे बड़े मंचों तक, मैंने हमेशा अपने परिवार और आपके लिए खेला है, और अब हममें से 1 अरब लोग एक साथ खड़े हैं। आप हर कदम पर मेरे साथ रहे हैं, सभी उतार-चढ़ावों के दौरान भी साथ रहे है।

भारतीय हॉकी टीम ने कोरिया को दी मात

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट भारतीय हॉकी टीम का एशियन चैंपियन ट्रॉफी 2024 में शानदार प्रदर्शन जारी है। उसने मलेशिया के बाद अब कोरिया को भी बुरी तरह शिकस्त दी है। भारतीय टीम का ये सेमीफाइनल का पहला मैच था, अब इस राउंड के अगले मैच में शनिवार को पाकिस्तान से टक्कर होगी। भारतीय टीम ने इस मुकाबले में कोरिया को 3-1 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। इससे पहले मलेशिया को 8-1 से हराकर सेमीफाइनल में एंट्री की थी। इसके भी पहले भारतीय हॉकी टीम ने चीन को 3-0 और जापान को 5-0 से करारी शिकस्त दी थी। डिफेंडिंग चैंपियन भारतीय टीम के लिए इस मैच में अराईजीत सिंह हुंडल और कप्तान हरमप्रीत सिंह हीरो साबित हुए। कोरिया के खिलाफ भारत के लिए अराईजीत सिंह हुंडल ने आठवें मिनट में जबकि कप्तान हरमनप्रती सिंह ने नौंवे और 43वें मिनट में दो गोल दागे। कोरिया की ओर से एकमात्र गोल जिहुन यांग ने 30वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर किया। पहले ही सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित कर चुकी भारतीय टीम अब शनिवार को अपने अंतिम लीग मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी।

भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम का ऐलान

नई दिल्ली (एजेंसी)। 19 सितंबर से शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश की टीम का ऐलान हो गया है। वहीं इस सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम का ऐलान बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने किया है, जिनमें ज्यादातर वही खिलाड़ी हैं, जो पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीत में शामिल थे। नजमुल हुसैन शंटो कप्तानी करते नजर आएंगे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीबी ने एक अनकैप्ड बैटर को टीम में शामिल किया है, जबकि शोरीफुल इस्लाम चोट के कारण बाहर हैं। बोर्ड ने जाकेर अली को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया है। बांग्लादेश ने हाल ही में दो मैचों की टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान का सूपड़ा साफ किया था।

ऐसे में टीम के हौसले बुलंद होंगे और यही कारण कि टीम पेस बैटरी के साथ भारत आएगी। 19 सितंबर से भारत और बांग्लादेश के बीच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा। इस मुकाबले के लिए बांग्लादेश की टीम 15 सितंबर को चेन्नई पहुंचेगी। भारतीय खिलाड़ियों को आज यानी 12 सितंबर को चेन्नई में रिपोर्ट करना है। वहीं, दूसरा मुकाबला कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में 27 सितंबर से खेला जाएगा।

इसके बाद दोनों देशों के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जानी है। दोनों मैच भारतीय समय के अनुसार सुबह साढ़े 9 बजे से शुरू होंगे।

बांग्लादेश की टीम इस प्रकार है

नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), शादमान इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुशफिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिटन दास, मेहदी हसन मिराज, जाकेर अली, तस्किन अहमद, हसन महमूद, नाहिद राना, तैजुल इस्लाम, महमदुल हसन जॉय, नईम हसन और खालेद अहमद।

ट्रेविस हेड की पारी से आस्ट्रेलिया ने पहले टी20 में इंग्लैंड को हराया

नई दिल्ली (एजेंसी)। ट्रेविस हेड के 19 गेंद में अर्धशतक के दम पर आस्ट्रेलिया ने तीन टी20 मैचों की श्रृंखला के उद्घाटन मैच में इंग्लैंड को 28 रन से हरा दिया। आस्ट्रेलियाई टीम पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर तीन गेंद बाकी रहते 179 रन पर आउट हो गई। पावरप्ले में आस्ट्रेलिया ने 86 रन बनाये थे और दस ओवर के बाद स्कोर दो विकेट पर 118 रन था। एक समय लग रहा था कि आस्ट्रेलिया 200 का आंकड़ा पार करेगा। हेड ने 19 गेंद में अर्धशतक जमाते हुए 59 रन बनाये जिसमें आठ चौके और चार छक्के थे। इंग्लैंड को चोटिल कप्तान जोस बटलर की कमी खली। उसने चार विकेट 52 रन पर गंवा दिये। इसके बाद लियाम लिविंगस्टोन (37) और सैम कुरेन (18) ने वापसी की कोशिश करते हुए पांचवें विकेट के लिये 54 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड ने इसके बाद दस गेंद के भीतर तीन विकेट गंवा दिये जिससे स्कोर सात विकेट पर 113 रन हो गया। पूरी टीम चार गेंद बाकी रहते 151 रन पर आउट हो गई। बाकी दो मैच कार्डिफ में शुक्रवार को और मैनचेस्टर में रविवार को खेले जायेंगे। इसके बाद पांच मैचों की वनडे श्रृंखला होगी।

दिल्ली कैपिटल्स में हो सकते हैं बड़े बदलाव, ऋषभ पंत के हाथ से जाएगी कप्तानी?

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन इसी साल होना है, लेकिन उससे पहले हर फ्रेंचाइजी कितने खिलाड़ियों को रिलीज और रिटेन करेगी ये सबसे बड़ा सवाल है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत अभी तक कई बार दमदार प्रदर्शन कर चुके हैं। लेकिन एक्सीडेंट के कारण से वह आईपीएल 2023 में नहीं खेल पाए थे। इसके बाद जब 2024 सीजन में उन्होंने कमबैक किया तो खुद को साबित किया। लेकिन उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। दिल्ली ने पिछले सीजन में 14 मैच खेले थे और 7 जीते थे। अब टीम बड़े बदलाव की ओर से बढ़ रही है। बता दें कि, रिपोर्ट्स की मानें तो पंत को कप्तानी से हटाया जा सकता है। लेकिन इसको लेकर किसी भी तरह की आधिकारिक जानकारी उपलब्ध नहीं है। मेगा ऑक्शन से पहले दिल्ली में सबसे बड़ा बदलाव कोचिंग स्टाफ को लेकर हुआ। रिकी पोंटिंग ने टीम का साथ छोड़ दिया है। अब खिलाड़ियों को रिलीज करने की बारी है। टीम मेगा ऑक्शन से पहले प्लेयर्स की रिलीज लिस्ट जारी करेगी। इसमें कई बड़े प्लेयर्स का नाम भी शामिल हो सकात है। टीम के पास रिटेन करने का ऑप्शन कम है। इसको लेकर अभी तक संख्या का पता नहीं चल सका है। अगर पंत की बात करें तो उन्होंने 2016 में आईपीएल डेब्यू किया था। पंत के लिए पहला सीजन कुछ खास नहीं रहा था। लेकिन उन्होंने 2018 में कमाल का प्रदर्शन किया था। ऋषभ पंत ने 2018 के 14 मैचों में 684 रन बनाए थे। उनको टीम ने आईपीएल 2021 में कप्तान बना दिया था। लेकिन अब उनसे कप्तान छिन सकती है। आज तक ने एक रिपोर्ट के हवाले से लिखा है कि पंत की कप्तानी छिन सकती है। टीम के मालिक पिछले सीजन के प्रदर्शन से खुश नहीं थे।

भारत के डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की संभावना सबसे ज्यादा

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईसीसी ने सभी टीमों के डब्ल्यूटीसी फाइनल समीकरण जारी किए हैं। इसमें भारत के फाइनल में पहुंचने की संभावना सबसे ज्यादा है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया पिछले दो चक्र के फाइनल में भी जगह बनाने में कामयाब रही थी, लेकिन उन्हें खिताब नसीब नहीं हुआ। पहली बार न्यूजीलैंड ने तो दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया ने भारत के हाथों से खिताब छीना। वहीं अब टीम इंडिया की नजरें लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचकर खिताब के सूखे को खत्म करना होगा। भारत फिलहाल डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में सबसे ज्यादा 68.52 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप पर है। भारत के खाते में फिलहाल 68.52 प्रतिशत पॉइंट्स है। टीम इंडिया को वर्ल्ड टेसस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चक्र में तीन टीमों के खिलाफ 10 और टेस्ट मैच खेलने हैं। अगर भारत ये 10 के 10 टेस्ट मैच जीतने में सफल रहता है तो वह अधिकतम 85.09 प्रतित अंकों तक पहुंच सकता है, अगर कोई कटौती नहीं होती है। हालांकि, टीम इंडिया के लिए ऐसा करना थोड़ा मुश्किल है क्योंकि इन 10 में से 5 टेस्ट भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्हीं की सरजमीं पर खेले हैं। भारत की नजरें घर पर खेलने जाने वाले अन्य 5 टेस्ट मैचों पर होगी। रोहित शर्मा एंड बिग्रेड 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की सीरीज खेलेगी। इसके बाद उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच खेलने हैं। अगर भारत ये पांचों टेस्ट जीतने में सफल हो जाता है तो वह अधिकतम 79.76 प्रतिशत अंकों तक पहुंच जाएगा। ऐसे में उनके फाइनल में पहुंचने के चांसेस काफी ज्यादा रहेंगे।

इशान किशन की दलीप ट्रॉफी में एंट्री, लगाई शानदार फिफ्टी, टी20 की तरह की बल्लेबाजी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन ने दलीप ट्रॉफी 2024 के दूसरे चरण के मुकाबले में इंडिया सी के लिए बल्लेबाजी करते हुए बेहतरीन अंदाज में वापसी की और इस सीजन के अपने पहले ही मुकाबले में उन्होंने बेहतरी फिफ्टी लगाई है। इससे पहले इशान इंजरी के कारण पहला चरण नहीं खेल पाए थे। दूसरे चरण में मुकाबले में उनके खेलने की उम्मीद नहीं थी लेकिन उन्हें अचानक टीम में जगह मिली और उन्होंने कमाल का प्रदर्शन किया। इंडिया बी के खिलाफ इशान किशन ने मुकाबले में खबर लिखे जाने तक 90 रन बना लिए हैं। उन्होंने अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान एक छ्क्का और 7 चौके लगाए इस मुकाबले में इंडिया बी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था और इंडिया सी की तरफ से पारी की शुरुआत कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और साई सुदर्शन ने की थी। ऋतुराज ने 2 गेंदों पर एक चौके मदद से 4 रन बनानए और फिर रिटायर हर्ट होकर पवेलियन लौट गए। गायकवाड़ के वापस लौटने के बाद पहले विकेट के लिए साई सुदर्शन और रजत पाटीदार के बीच 96 रन की अच्छी साझेदारी हुई और फिर साई सुदर्शन जब 43 रन पर खेले रहे थे तब मुकेश कुमार ने उन्हें अपनी गेंद पर कैच आउट किया। इसके बाद ये साझेदारी टूट गई।

उपचुनाव परिणाम घोषित

मैहर नपा वार्ड-2 के पार्षद पद पर भाजपा का कब्जा बरकरार, दीपलाल ने हासिल की जीत

मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र। मैहर नगर पालिका के उपचुनाव में भाजपा ने जीत हासिल कर पार्षद पद पर अपना कब्जा बरकरार रखा है। भाजपा के दीपलाल बुनकर ने उप चुनाव में जीत हासिल कर अपने पिता की विरासत सहेजी है।

नगर पालिका मैहर के वार्ड नंबर 2 के रिक्त पड़े पार्षद पद पर भाजपा प्रत्याशी दीपलाल बुनकर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी दमड़ी लाल साकेत को 111 वोटों के अंतर से पराजित कर दिया है। भाजपा के दीपलाल को 820 और कांग्रेस के दमड़ी लाल को 709 वोट मिले जबकि बसपा प्रत्याशी रविकुमार रवि सिर्फ 60 वोट तक ही सिमट कर रह गए।

नगर पालिका के वार्ड पार्षद के रिक्त पद को भरने के लिए 11 सितंबर को मतदान कराया गया था। तीन मतदान केंद्रों में 2226 कुल मतदाताओं में से 1602 वोटरों ने 71.79 फीसदी मतदान किया था।

शुक्रवार को सुबह चाक चौबंद व्यवस्था के बीच मतगणना कराई गई। कलेक्टर रानी बाटड ने निर्वाचन परिणाम की घोषणा के बाद विजयी प्रत्याशी भाजपा के दीपलाल बुनकर को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस मौके पर एडीएम शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह एवं तहसीलदार जितेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि यह पद भाजपा के पार्षद रहे ईश्वरदीन कोरी के निधन से रिक्त हुई थी। कम्पाउंडरी का काम करने वाले ईश्वरदीन को वार्ड में लोग डाक्टर साहब के नाम से पहचानते थे। उप चुनाव में भाजपा ने उनके बेटे को ही टिकट देकर मैदान में उतारा था।

दीपलाल ने भाजपा की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए न केवल पार्षद पद पर भाजपा का कब्जा बरकरार रखा बल्कि अपने पिता की विरासत भी सहेजी। इस जीत के बाद भाजपाइयों में जश्न का माहौल है।

मिलाद-उन-नबी एवं गणेश उत्सव पर कानून व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी

मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने सोमवार 16 सितंबर को मिलाद-उन-नबी एवं 17 सितंबर 2024 को गणेश उत्सव (गणेश विसर्जन) त्यौहार के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी संबंधित अनुविभाग के लिये उस क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारियों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रुप में नियुक्त किया है। नियुक्त उपखंड मजिस्ट्रेट अपने-अपने अनुभाग अन्तर्गत अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर मुख्य नगर पालिका/परिषद अधिकारी/मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से चर्चा कर प्रतिवर्ष की भांति मिलाद-उन नबी एवं गणेश उत्सव (गणेश विसर्जन) के आयोजन की समुचित व्यवस्था एवं सम्पूर्ण कानून व्यवस्था सुचारु रुप से संपादित करेंगे। साथ ही सभी उप खण्ड मजिस्ट्रेट अपने-अपने अनुभाग अन्तर्गत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त करना सुनिश्चित करेंगे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनुविभागीय दण्डाधिकारी रघुराजनगर (शहरी) नीरज खरे, अनुविभागीय दण्डाधिकारी (ग्रामीण) राहुल सिलाड़िया, अनुविभागीय दण्डाधिकारी उचेहरा सुधीर कुमार बेक, अनुविभागीय दण्डाधिकारी नागौद एपी द्विवेदी, अनुविभागीय दण्डाधिकारी मझगवां जितेन्द्र कुमार वर्मा, अनुविभागीय दण्डाधिकारी रामपुर बघेलान आरएन खरे को सम्पूर्ण अनुविभाग हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से ड्यूटी लगाई गई है। सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी अपर कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट स्वप्निल वानखडे मोबाइल 9407020000 होंगे।

कृशक पुरूस्कार के लिए आवेदन 10 अक्टूबर तक आमंत्रित

मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र। म.प्र. शासन कल्याण तथा कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 हेतु कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम (आत्मा परियोजना) के अंतर्गत सर्वोत्तम कृषक राज्य, जिला एवं विकासखण्ड स्तर के लिए कृषक पुरस्कार एवं कृषक समूह पुरस्कार के लिए 10 अक्टूबर 2024 तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

परियोजना संचालक आत्मा राजेश त्रिपाठी ने बताया कि विकासखंड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार राज्य, जिला एवं विकास स्तर के पुरूस्कार के लिए 10 हजार, 25 हजार तथा 50 हजार रूपये की राशि एवं जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार 20 हजार रूपये की राशि निर्धारित की गई है। जिले के इच्छुक कृषकगण, कृषक समूह गण, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, रेशम पालन, कृषि अभियांत्रिकी विधाओं में अपनाई गई तकनीकी, नवाचार तकनीक का विस्तार फसल उपज एवं उत्पादकता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी, विकासखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक तथा सहायक तकनीकी प्रबंधक से संपर्क कर परियोजना संचालक आत्मा समिति में आवेदन कर सकते हैं। या फिर मध्यप्रदेश किसान पोर्टल एमपी किसान ऐप पर आनलाइन आवेदन करा सकते हैं।

विभिन्न स्थानों पर 4 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने सोमवार 16 सितंबर 2024 को मिलाद-उन-नबी के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु चार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये हैं। जिनमें प्रभारी तहसीलदार सौरभ मिश्रा को नजीराबाद रजा मस्जिद, डाली बाबा, टिकुरिया टोला, नायब तहसीलदार सौरभ द्विवेदी को गढिया टोला, खूंथी, कंपनी बाग, प्रभारी नायब तहसीलदार राजेश सिंह को पन्नीलाल चौक, जयस्तम्भ चौक एवं सहायक अधीक्षक लालमणि पाण्डेय को दरवेज मस्जिद, लोटन अखाडा, पुरानी कब्रिस्तान के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

नेशनल लोक अदालत में विद्युत उपभोक्ताओं के प्रकरणों में छूट का प्रावधान

मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के अनुसार 14 सितम्बर 2024 (शनिवार) को विद्युत अधिनियम 2003 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

म.प्र.शासन उर्जा विभाग के निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में कंपनी द्वारा नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत लिटिगेशन/प्री-लिटिगेशन के लंबित निम्नदाब श्रेणी के सभी घरेलू व कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं के विशेष न्यायालय में दर्ज एवं प्री-लिटिगेशन के प्रकरणों में छूट प्रदान करने के प्रावधान किये है। कंपनी द्वारा माननीय विशेष न्यायालय में दर्ज प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि में 20 प्रतिशत एवं सिविल दायित्व की राशि पर छः माही चकवृद्धि दर के अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष लगने वाले ब्याज की राशि में 100 प्रतिशत छूट नियम एवं शर्तों के तहत प्रदान की जायेगी। प्रकरण न्यायालय में दर्ज न होने की स्थिति (प्री-लिटीगेशन) में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं सिविल दायित्व की राशि पर लगने वाले छः माही चकवृद्धि दर के अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष लगने वाले ब्याज की राशि में 100 प्रतिशत की छूट नियम एवं शर्तों के तहत प्रदान की जायेगी।

14 सितम्बर 2024 (शनिवार) को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत दी जाने वाली छूट, आंकलित सिविल दायित्व राशि रूपये 50,000 (पचास हजार मात्र) तक के प्रकरणों के लिये सीमित रहेगी। आवेदक को निर्धारित छूट के उपरान्त शेष देय आंकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। आवेदक को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर या उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का भुगतान करना होगा। आवेदक को विधिक संयोजन न होने की स्थिति में विधिक संयोजन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित संयोजनों के विरूद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। आवेदक को छूट विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जायेगी। पूर्व के लोक अदालतों में छूट प्राप्त आवेदक छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य विद्युत देयकों के विरूद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जायेगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत 14 सितम्बर 2024 में समझौता करने के लिये लागू रहेगी। अपराध शमन फीस अधिनियम के प्रावधान अनुसार वसूल की जायेगी। 14 सितम्बर 2024 के बाद कंपनी द्वारा छूट प्रदान नहीं की जायेगी एवं 16 प्रतिशत चकवृद्धि ब्याज के साथ भुगतान करना होगा जिसकी जवाबदेही उपभोक्ता/उपयोगकर्ता की होगी।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियन्ता ने उपभोक्ताओं/उपयोगकर्ता व्यक्तियों से अपील की है कि कंपनी एवं माननीय विशेष न्यायालय द्वारा की जाने वाली कार्यवाही से बचने के लिये कंपनी द्वारा प्रदत्त अवसर का लाभ लेते हुये 14 सितम्बर 2024 के पूर्व वितरण केन्द्र कार्यालय में एकमुश्त राशि का भुगतान कर नेशनल लोक अदालत में प्रकरण का निराकरण करायें। साथ ही विद्युत देयकों की बकाया राशि का भुगतान कर कंपनी को सहयोग प्रदान करें। विस्तृत जानकारी के लिए संबंधित कार्यालय/वितरण केन्द्र से सम्पर्क कर सकते हैं।

दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग की मौत के मामले में युवक गिरफ्तार

अपने साथ हुई दरिंदगी के बाद कर ली थी आत्महत्या

मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र। सिंहपुर थाना क्षेत्र में दुष्कर्म की शिकार नाबालिग की खुदकुशी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, सिंहपुर थाना पुलिस ने 9 सितंबर को नाबालिग के फांसी लगा कर खुदकुशी कर लेने के मामले में आरोपी रिंकू पिता श्रीपति कुशवाहा (20) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश कर उपजेल नागौद भेज दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र की 15 वर्षीया एक किशोरी ने 9 सितंबर की शाम फांसी के फंदे पर झूल कर अपनी जान दे दी थी। पोस्टमॉर्टम के दौरान परिजनों ने नागौद में पुलिस को बताया था कि पीड़िता के साथ 8 सितंबर को पीड़िता घर पर अपने भाई और बाबा के साथ थी तभी रिंकू कुशवाहा ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। इस घटना से वह विचलित थी। इसी से आहत होकर उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच शुरू कर पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया और फिर आरोपी को पकड़ कर सलाखों के पीछे भेज दिया।

जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कृशि पखवाडा का आयोजन

मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र। खरीफ2024 एवं रबी 2024-25 को दृष्टिगत रखते हुये किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग एवं सहयोगी (एलाइड) विभागों को 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक कृषि पखवाड़ा का आयोजन अभियान के रूप में संचालित विभागीय योजनाओं की जानकारी कृषकों को दी जायेगी। विशेष पखवाड़ा अंतर्गत किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा योजनान्तर्गत लाभांवित कृषकों के खेतों में जाकर प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन करते हुये एकीकृत पोषण एवं कीट प्रबंधन के साथ सामयिक तकनीकी जानकारी भी दी जायेगी। खरीफ 2024 अंतर्गत लाभांवित कृषकों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन करते हुये फोटोग्राफ्स एवं संगत जानकारी संधारित करें। फसलों की स्थिति पर कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां से संपर्क कर तकनीकी समाधान की समझाइस कृषकों को दी जायेगी।

मैहर कलेक्टर रानी बाटड द्वारा जारी आदेशानुसार कृषि पखवाड़ा अंतर्गत रबी फसलों की तैयारी के संबंध में उर्वरकों का अग्रिम भण्डारण, उच्च गुणवत्ता के बीजों की उपलब्धता, खेतों की तैयारी एवं बीजोपचार के संबंध में भी जानकारी दी जायेगी। वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये जैविक खेती संवर्धन हेतु जैविक कृषि आदानों एवं प्राकृतिक संसाधन आधारित खेती के लाभ एवं दूरगामी परिणाम के बारे में कृषकों को अवगत कराया जायेगा। जिन कृषकों को स्वाइल हेल्थ कार्ड प्राप्त हो गये हैं उन्हे कार्ड में तकनीकी सलाह एवं उर्वरकों का संतुलित उपयोग की सलाह दी जायेगी। कृषकों को किसान ऐप के माध्यम से विभागीय योजनाओं का कैसे लाभ प्राप्त हो, के संबंध में प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जायेगी। शासन से प्राप्त लक्ष्यों की पूर्ति हेतु मापदण्डों के अनुरूप तथा अजा., अजजा एवं महिला कृषकों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जायेगा। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के साथ-साथ सहयोगी (एलाइड) विभाग विकासखण्ड स्तरीय एवं मैदानी अमले की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुये विशेष कृषि पखवाड़ा के आयोजन के संबंध में प्लान तैयार करेंगे।

सपा विधायक का छलका दर्द

डीआईजी के सामने उठाया सवाल, बोले-नहीं सुनती पुलिस

मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र। चित्रकूट के सपा सदर विधायक अनिल प्रधान ने आज धनुष चौराहे पर आयोजित कमांड कंट्रोल रूम के उद्घाटन कार्यक्रम में पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्था पर कड़ा सवाल खड़ा किया। मंच पर मौजूद पुलिस के आला अधिकारियों और भाजपा के दिग्गज नेताओं के सामने विधायक प्रधान ने पुलिस के रवैए पर असंतोष जताते हुए कहा कि उन्हें प्रोटोकॉल के मुताबिक शिष्टाचार नहीं मिल रहा है।

पुलिस का व्यवहार हो सम्मानजनक: विधायक अनिल प्रधान ने डीआईजी अजय कुमार सिंह और एसपी अरुण कुमार सिंह से मंच पर ही पुलिस की कार्यशैली में सुधार की मांग की। उन्होंने कहा कि थानेदार और हल्का प्रभारी उनसे उचित सम्मान के साथ बात नहीं करते। उन्होंने अधिकारियों से अपील किया कि जनप्रतिनिधियों के साथ पुलिसकर्मियों का व्यवहार संवेदनशील और सम्मानजनक होना चाहिए।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, मऊ मानिकपुर विधायक अवनीश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी समेत कई प्रमुख नेता और अफसर मौजूद रहे।

सांप के डसने से युवक की मौत

खेत में काम कर रहा था, हालत बिगड़ने पर साथी बाइक से ले गया अस्पताल

मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र। चित्रकूट के राजापुर कस्बे में एक युवक की सर्पदंश से मौत हो गई। यह घटना बीते गुरुवार शाम करीब 8 बजे की है। मृतक लवलेश (25) पुत्र बाबू, निवासी राजापुर, अपने खेत में धान की निराई कर रहा था। तभी अचानक एक विषैले सर्प ने उसे डस लिया। लवलेश की हालत बिगड़ने पर उसे पास के खेत में मौजूद एक व्यक्ति ने बाइक से मंझनपुर अस्पताल पहुंचाया। लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

पुलिस मामले की जांच कर रही है: घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शुक्रवार को जिला मुख्यालय में पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि लवलेश अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी मौत से घर में मातम पसरा हुआ है। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं इलाके में सर्पदंश की घटनाओं को लेकर लोगों में भय का माहौल है।

नेत्रदाता के परिजन हुए सम्मानित, सदगुरु नेत्र चिकित्सालय पर हुआ आयोजन, लोगों को किया गया जागरूक

मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र। चित्रकूट में परमहंस संत रणछोड़ दास जी महाराज द्वारा स्थापित श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट एवं विश्व विख्यात सदगुरु नेत्र चिकित्सालय ने 39वें नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत एक भव्य नेत्रदाता परिजन सम्मान समारोह का आयोजन किया।

यह पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक मनाया गया, जिसके अंतर्गत जन जागरूकता रैली, सेल्फी प्वाइंट, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं हस्ताक्षर अभियान जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

दीप प्रज्वलन के साथ हुआ शुभारंभ: 13 सितंबर 2024 को सदगुरु नेत्र चिकित्सालय में नेत्रदान करने वाले परिजनों का विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. बी. के. जैन, डॉ. कुलदीप श्रीवास्तव, डॉ. गौतम सिंह परमार, डॉ. राजेश जोशी, डॉ. प्रधान्या सेन, ए बी एस राजपूत और नेत्रदाता परिजनों द्वारा गुरू पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

डॉ बीके जैन ने अपने संबोधन में कहा, "नेत्रदान को लेकर समाज में कई भ्रांतियां फैली हुई हैं, जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। हम सभी को नेत्रदान के इस महादान को अपने परिवार और समाज में फैलाना चाहिए ताकि अंधे व्यक्तियों को रोशनी मिल सके।" उन्होंने नेत्रदाता परिजनों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें साल, स्मृति चिन्ह और एक पेड़ उनके नाम पर भेंट किया।

अब तक 7,000 नेत्रदान करा चुके हैं

कार्निया विभाग के प्रमुख डॉ. गौतम सिंह परमार ने बताया कि 2007 से आई बैंक की स्थापना के बाद से अब तक लगभग 7,000 नेत्रदान हो चुके हैं, जिनके माध्यम से कई अंधे व्यक्तियों को नई रोशनी मिली है। इस अवसर पर नेत्रदाता परिजन धीरेंद्र सिंह और नीरज गोयल ने कहा, "हम सभी को इस पुनीत कार्य में योगदान देना चाहिए। नेत्रदान से हमारे प्रियजनों की आंखें दूसरों के जीवन में रोशनी लाने का कार्य करती हैं।"

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।